तापमान

अधिकतम 25.4 डिग्री

न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



जूना बिलासपुर स्थित हटरी चौक पर गड्ढा हो गया जिसके कारण दुर्घटना हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्रशिक्षण आज

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाताओं से प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 20 दिसंबर दोपहर 12 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया है। जिला अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर को वीडियो कांफ्रेंस में उपस्थित होने कहा गया है।

### सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा कल होगी

**बिलासपुर।** सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। इधर मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर आमंत्रित किया गया था।

### कोनी रोजगार कार्यालय में 22 को प्लेसमेंट कैम्प

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी द्वारा 22 दिसंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोनी में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैम्प में 3 निजी नियोजक कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

# दिनदहाड़े बंदूक अड़ाकर लूट की कोशिश, दुकानदार ने दिखाई हिम्मत तो उलटे पैर भाग गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बेखौफ हो चुके हैं कि दिन दहाड़े लूट जैसी वारदात को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे है। शुक्रवार की सुबह 7 बजे दिनदहाड़े बूंदक की नोंक पर चाय दुकान संचालक लूट की कोशिश की गई। इस दौरान बदमाश संचालक के गले में पहने सोने की मोटी चैन को लूटने की कोशिश की। संचालक ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का विरोध किया। घबराए बदमाश बिना वारदात को अंजाम दिए भाग खड़े हुए, हालांकि बदमाशों की हरकत सड़क पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के जबड़ापारा इलाके का है। पुलिस ने बताया कि जबड़ापारा निवासी लखन लाल देवांगन, पिता स्वर्गीय उदय देवांगन उम्र 46 वर्ष मिशन अस्पताल रोड स्थित लखीराम ऑडिटोरियम के सामने नीटी स्वीट्स नाम से दुकान संचालित करते हैं। शुक्रवार सुबह वे रोजाना की तरह अपनी दुकान की ओर स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान जबड़ापारा इलाके में तीन युवक बाइक से पहुंचे और उन्होंने सड़क पर लखन लाल को रोक लिया। अचानक एक बदमाश ने दुकानदार का हाथ पकड़ लिया और जबकि दूसरे युवक ने लूट के इरादे से बंदूक तान दी, जबकि तीसरे आरोपी ने दूकानदार के गले में पहने सोने की चेन लूटने की कोशिश करते हुए गोली मारने की धमकी दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वे कुछ पल के लिए घबरा गए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और जोर-जोर से शोर मचाते हुए बदमाशों का विरोध किया। दुकानदार के शोर मचाने और आसपास लोगों के निकलने की आशंका से घबराकर आरोपी बिना लूट को अंजाम दिए ही बाइक से फरार हो गए। उस समय सड़क पर आवाजाही कम थी, फिर भी शोर सुनकर आसपास के कुछ लोग बाहर आए, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक आरोपी ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था, जबकि दो आरोपियों के पास बंदूक थी। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार से आरोपियों के हुलिए और बाइक के संबंध में जानकारी ली है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपियों पर जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।



सीसीटीवी में कैद लूटपाट की तस्वीर व इनसेट में पीड़ित।

**संदिग्ध की तलाश जारी**

दुकानदार की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। सीसीटीवी में सभी आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है। संदिग्ध की तलाश जारी है।

- प्रदीप आर्य
टीआई, सरकंडा

### करीब 25 लाख का सोना पहनता है दुकानदार

सूत्रों के मुताबिक नीटी स्वीट्स काफी प्रसिद्ध दुकान है। सुबह से ही दुकान के सामने लोगों की भीड़ लग जाती है। वहीं दुकानदान करीब 25 लाख का सोना गले और हाथों में पहनता है। ऐसे में हर किसी की निगाह उसके सोने के जेवरात पर होती है। पुलिस के अनुसार यह घटना आसपास के लोगों के द्वारा ही की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए हाथ पैर मार रही है।

# सीयू में पढ़ने वाला एक और छात्र लापता



**पुलिस पहुंची यूनिवर्सिटी परिसर**

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलान अंसारी की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया है कि एक और छात्र के गायब होने की खबर से शुक्रवार को यूनिवर्सिटी में हडकंप मचा रहा। यूनिवर्सिटी के बीएससी बायोटेक प्रथम सेमेस्टर में पढ़ाई करने वाला छात्र राहुल यादव गुरुवार से लापता है। इस मामले में आज पुलिस भी यूनिवर्सिटी पहुंची थी।

19 वर्षीय छात्र राहुल यादव मूलतः जीपीएम जिला निवासी है जो कोनी में अपने भाई के साथ रहकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीएससी बायोटेक प्रथम सेमेस्टर का पढ़ाई कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र राहुल कल यूनिवर्सिटी कार्यक्रम देखने के लिए घर से निकला था और बाद में वह घर वापस नहीं पहुंचा। ऐसी चर्चा है कि छात्र राहुल को आखिरी बार स्वाभिमान थाली भवन के पास देखा गया था। छात्र के गायब होने की सूचना कोनी थाना में उसके भाई की ओर से दी गई, उसके बाद पुलिस यूनिवर्सिटी जांच में पहुंची थी। यूनिवर्सिटी में भी छात्र के गायब होने की खबर फैलते ही हडकंप सा मच गया। छात्रों की ओर से किसी तरह विरोध, विवाद न हो इसलिए काफी देर तक पुलिस यूनिवर्सिटी परिसर में रही। उल्लेखनीय है कि यूनिवर्सिटी में बीएससी फिजिक्स का छात्र अर्सलान अंसारी करीब दो माह पहले हास्टल से गायब हुआ था और करीब तीन-चार दिनों बाद परिसर के तालाब में उसकी लाश मिली थी। यह मामला अभी ठंडा नहीं हो पाया है, वहीं एक और छात्र के गायब होने की घटना सामने आई है।

# लालखदान रेल हादसे में घायल एक और यात्री की मौत

**मृतकों की संख्या 13 पहुंच गई**

### बीस से अधिक यात्री हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लालखदान रेल हादसे में घायल होने वाले यात्रियों का उपचार अभी भी चल रहा है, जिसमें एक और यात्री की मौत उपचार के दौरान हो गई है। एक यात्री की मौत होने के बाद अब हादसे में मरने वालों की संख्या ने 13 हो गई है।

डेढ़ माह पहले हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन पर लालखदान चौकसे कॉलेज के पीछे हुए खड़ी मालगाड़ी और कोरबा-बिलासपुर लोकल की टक्कर हो गई थी, हादसे में मौके पर मरने वाले यात्रियों की संख्या 11 और घायल यात्रियों की संख्या 20 से अधिक थी। गंभीर रूप से घायलों को अपोलो हास्पिटल, रेलवे हास्पिटल के साथ जिला हास्पिटल व सिम्स में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की दोपहर एलाईट हास्पिटल में उपचार करा रहे बिल्हा निवासी तुलाराम अग्रवाल 56 साल की मौत हो गई। मृतक तुलाराम अग्रवाल भी हादसे के दौरान लोकल ट्रेन में सफर कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने के बाद रेल अफसरों ने अब अकाउंट विभाग से मृतक को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने पत्र लिख दिया है। अकाउंट विभाग से राशि जारी होने के बाद चेक मृतक के परिजन को सौंप दिया जाएगा। वहीं लालखदान हादसे में मरने वालों की संख्या 13 और गंभीर रूप से घायलों की संख्या 18 हो गई है, जिसमें लोकल ट्रेन की महिला असिस्टेंट लोको पायलट भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार तुलाराम अग्रवाल के सुपुत्र अंकित अग्रवाल की मौत पहले ही हो चुकी थी, जिसे रेल प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जा चुका है।

# अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर हादसे में सीआरपीएफ जवान की मौत



**बिलासपुर।** कोरबा से बिलासपुर आ रहे सीआरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सिम्स ले जाया गया, लेकिन जवान को बचाया नहीं जा सका। शुक्रवार को पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। तोरवा पुलिस अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

लालखदान ओवरब्रिज के नीचे गुरूवार की रात अज्ञात भारी वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में श्रीनगर से आए सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। दरअसल श्रीनगर में सीआरपीएफ में पोस्टेड मनीष आदिले पिता सुंदर लाल आदिले जोरापाली के पास हरदीबाजार कोरबा के रहने वाले हैं। गुरूवार की रात वे कोरबा से अकलतरा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, वे कार्यक्रम से बिलासपुर लौट रहे थे, इस दौरान लालखदान के पास तेजरफ्तार अज्ञात वाहन से उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में घायल जवान को सिम्स ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

सुमीत बाजार™

आज का स्पेशल ऑफर

5 स्टॉर होटल में यूज होने वाली एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन प्रीमियम क्वालिटी




इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड 3 बेडशीट ₹449 में

100% COTTON ONLY PLAIN SINGLE BEDSHEET

अविश्वसनीय रेट ऑफर...

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK SBI card

*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन करेगा काम बंद, कलम बंद हड़ताल 29 से



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आव्हान पर संभागीय बैठक प्रार्थना सभा भवन में आयोजित की गई। फेडरेशन द्वारा आगामी आंदोलन 29 30 एवं 31 दिसंबर को काम बंद कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। डॉक्टर बीपी सोनी एवं जिला महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि संभाग के सभी जिलों के फेडरेशन के पदाधिकारी की उपस्थिति में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने आगामी आंदोलन में पूरी एकजुटता के साथ सभी कर्मचारियों अधिकारियों को शामिल होने का आव्हान किया। इसके पूर्व संभाग के सभी जिलों में कार्यालयों, विद्यालयों में व्यापक जनसंपर्क अभियान के द्वारा सभी कर्मचारी-अधिकारी को अवकाश आंदोलन आवेदन भरकर आंदोलन में शामिल होने अनुरोध किया गया। प्रांतीय पदाधिकारी रोहित तिवारी, संजय सिंह, पंकज पांडे, राजेंद्र दवे, पीआर यादव, सुनील कौशिक, अरुण तिवारी, सुरेश तिवारी, जय साहू, विकास यादव, संतोष वर्मा, मनीष ठाकुर, जयंत सिंह, डॉक्टर रजनी पटेल, तरुण सिंह राठौड़, वीएस परिहार, राधेलाल भारद्वाज, फकीरा यादव, डॉक्टर संजय शर्मा, डॉक्टर बीपी सोनी ने हड़ताल की तैयारी के संबंध में वचनबद्धता ज्ञापित की। आभार प्रदर्शन राजेश पांडे ने किया। बैठक में अरुण पांडे, अजय जायसवाल, चंद्रशेखर पांडे, रजनीकांत, प्रवीण गुप्ता, आकाश राय, रामकृष्ण वैष्णव, सचिन तिवारी, सत्यनारायण जायसवाल, दुष्यंत लहरे, सूर्यप्रकाश कश्यप, लक्ष्मण भारती, संतोष साहू, उज्ज्वल चंद्र, संतोषी कौशिक, रमेश द्विवेदी आदि मौजूद थे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 जनवरी तक

**बिलासपुर।** जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, वे 15 जनवरी तक छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रस्ताव एवं स्वीकृति लॉक की अंतिम तिथि 31 जनवरी एवं जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। यह पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेजों, आईटीआई, पालीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई **postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर की जा रही है। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करने पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

## पॉलिटिक्स प्लस

### मो. हनीफ बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला जिलाध्यक्ष

फोटो है संपादक जी मो. हनीफ

बिलासपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ की जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर मो. हनीफ खान की नियुक्ति की गई है। उन्हें यह जिम्मेदारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिह देव की अनुशंसा पर दी गई है। गणेशनगर निवासी मो. हनीफ लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी, कार्यकर्ताओं से संवाद और जनसमस्याओं के समाधान के लिए किए गए प्रयासों को पार्टी ने सराहा है।



### शाहिद बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी

बिलासपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से शाहिद रजा को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्ति किया गया है। शाहिद रज़ा ने कहा की जिस विश्वास के साथ मुझ पर भरोसा किया गया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने इस महत्त्पूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर एवं संगठन का विश्वास जताने पर इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए संगठन का आभार वयक्त किया। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य अल्पसंख्यकों के हित में हमेशा कार्य करता रहूंगा।



## कार्य परिषद ने दी क्लीनचिट | एनएसएस कैंप में नमाज मामले में प्रो. झा चल रहे थे सस्पेंड

# सीयू में सस्पेंशन का सस्पेंस खत्म, पूर्व एनएसएस समन्वयक बहाल

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो. दिलीप झा के सस्पेंशन पर सस्पेंस अब खत्म हो गया है। प्रो. झा सस्पेंड के दौरान भी अपने इकानॉमिक्स डिपार्टमेंट आते रहे इसलिए सस्पेंस बना हुआ था। शुक्रवार को यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रो. झा को क्लीनचिट देते हुए बहाल कर दिया गया।




गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो. दिलीप झा को एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों से नमाज पढ़ाए जाने के मामले में भारी विवाद के बाद अप्रैल माह में निलंबित किया गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में योगा के समय विद्यार्थियों को नमाज पढ़ाए जाने का मामला काफी तूल पकड़ा था। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यूनिवर्सिटी का घेराव किया था और हिन्दू संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया था। जिस पर यूनिवर्सिटी की ओर से मामले में जांच कमेटी बनाई गई थी। एनएसएस समन्वयक प्रो. दिलीप झा को पहले समन्वयक पद से हटाया गया था और बाद में उन्हें निलंबित किया गया था। यूनिवर्सिटी की ओर से इस मामले में फैक्ट फाइडिंग जांच बिठाई गई थी और आज कार्य परिषद की बैठक में जांच रिपोर्ट रखी गई, जिस पर चर्चा के बाद क्लिनचिट देते हुए प्रो. दिलीप झा को बहाल करने का निर्णय लिया गया। इस मामले को लेकर छात्रों की ओर कोनी थाना में शिकायत की गई थी और पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज किया है।

### यह था नमाज मामले का विवाद

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस विद्यार्थियों के शिवतराई कैंप दौरान ईद उल फितर वाले दिन योगा के समय पर सुबह नमाज पढ़ने का स्टेप कराया गया। इसे लेकर विद्यार्थियों ने विरोध भी जताया था। एनएसएस कैंप से वापस लौटने के बाद कुछ विद्यार्थियों ने प्रबंधन एवं कोनी थाना में इस मामले की शिकायत की। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शिवतराई में सात दिवसीय कैंप आयोजित किया गया था। इस एनएसएस कैंप में यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कैंप दौरान सुबह 6.15 बजे से 7 बजे के बीच योगा का समय रहता था। ईद उल फितर त्यौहार के दिन कैंप में उपस्थित चार मुस्लिम विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रोग्राम आफिसरों के सामने नमाज पढ़ने कहा गया और बाकी सभी छात्र-छात्राओं को नमाज पढ़ने और सभी स्टेप करने कहा गया। उस दौरान एनएसएस कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी शामिल थे।

### हटाए गए थे सारे कार्यक्रम अधिकारी

एनएसएस कैंप में नमाज विवाद के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा समन्वयक प्रो. दिलीप झा सहित एनएसएस के अन्य कार्यक्रम अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया था। इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इंजी. इकाई के डॉ. प्रिंसी मतलानी, सिविल एंड इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी. इकाई के सुश्री आयुषी नायक, प्राणी शास्त्र विभाग इकाई के डॉ. गीता मिश्रा, वनस्पति विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग इकाई के डॉ. मधुलिका सिंह, कला अध्ययन शाला इकाई के डॉ. ज्योति वर्मा, वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग इकाई के डॉ. प्रेमशंकर द्विवेदी, कंप्यूटर साइंस एंड सूचना प्रौद्योगिकी विभाग इकाई के डॉ. प्रशांत वैष्णव, रसायन विभाग इकाई के डॉ. सूर्यभार सिंह, कला अध्ययन शाला इकाई के डॉ. बसंत कुमार को तत्काल प्रभाव से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के दायित्व से भारमुक्त कर दिया गया था।

### बैठक में लिया गया निर्णय

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें एनएसएस कैंप में नमाज मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट रखी गई थी। जांच रिपोर्ट पर चर्चा के बाद पूर्व समन्वयक प्रो. दिलीप झा को बहाल कर दिया गया है। **-प्रो. मनीष श्रीवास्तव**,मीडिया प्रभारी, सीयू

## 60 फीसदी से अधिक कार्यों को रेल प्रशासन ने पूरा कर लिया

# 274 करोड़ में बनेगी हथबंद-बैकुंठ के बीच 17.24 किमी चौथी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर और रायपुर डिवीजन के बीच बने हथबंद से बैकुंठ स्टेशन के मध्य 17.24 किलोमीटर चौथी लाइन सहित अन्य अधोसंरचना कार्य करने के लिए 274 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस कार्य में अब तक 60 फीसदी से अधिक कार्यों को रेल प्रशासन ने पूरा कर लिया है, जिसके तहत कई स्टेशनों को चौथी लाइन से कनेक्टिविटी की गई है। वहीं बिलासपुर से रायपुर और रायपुर से नागपुर के बीच तीसरी और दूसरी लाइन कई सेक्शन के मध्य बनी हुई है। इसकी वजह से ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण यात्री भी काफी परेशान होते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में हथबंद एवं बैकुंठ स्टेशन के बीच 17.24 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड की मंजूरी प्राप्त हो गई है। इस परियोजना की अनुमानिक लागत करीब 274 करोड़ रुपए है। यह रेल खंड बिलासपुर, रायपुर, नागपुर के मुख्य मार्ग का हिस्सा है, जो मुम्बई-हावड़ा उच्च घनत्व हाई डेंसिटी नेटवर्क मार्ग के अंतर्गत आता है।



वर्तमान में इस खंड पर ट्रैफिक दबाव अत्यधिक है, जहां लाइन क्षमता उपयोग लगभग 158 फीसदी तक पहुंच चुका है और आगामी वर्षों में इसके और बढ़ने की संभावना है। चौथी रेल लाइन निर्माण से इस खंड पर यात्री ट्रेन एवं मालगाड़ियों के परिचालन में उल्लेखनीय सुधार, ट्रेन संचालन की समयबद्धता में वृद्धि व क्षमता विस्तार संभव हो सकेगा। परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर को परियोजना मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसित किया गया है। इसे रेलवे बोर्ड के संबंधित विभागों से अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार एवं रोजगार सृजन में सहायक सिद्ध होगी।

# सीवीआरयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 18 व 19 दिसम्बर को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ : ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली" का समापन हो गया। इस अवसर पर अतिथियों ने संगोष्ठी के निष्कर्षों को व्यवहार में लाने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को भारतीय भाषाओं में सशक्त बनाने का आह्वान किया। समापन पर प्राध्यापक एनआईआईटी रायपुर डॉ. एमके वर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि जब वैज्ञानिक ज्ञान भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा, तब समाज का प्रत्येक वर्ग उससे जुड़ सकेगा। अतिथि जेएस रावत ने कहा कि मानक शब्दावली का निर्माण और उसका व्यापक उपयोग समय की आवश्यकता है। डॉ. एसए अंसारी ने कहा कि शब्दावली केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान को आत्मसात करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि मानक शब्दावली के अभाव में वैज्ञानिक शिक्षा सीमित हो जाती है, इसलिए इसके निर्माण और प्रयोग पर निरंतर मंथन आवश्यक है। प्रोफेसर डॉ. छगनलाल ने कहा कि विज्ञान और भारतीय भाषाओं का समन्वय आधुनिक शिक्षा की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में विज्ञान पढ़ने से छात्रों की समझ और नवाचार क्षमता में वृद्धि होती है।

- 2 दिनों तक विद्वानों ने किए विचार साझा



### संगोष्ठी की सफलता तभी मानी जाएगी, जब इसके निष्कर्ष व्यवहारिक रूप में सामने आएंगे

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि इस संगोष्ठी की सफलता तभी मानी जाएगी, जब इसके निष्कर्ष व्यवहारिक रूप में सामने आएँगे। उन्होंने कहा कि नवाचार, रोजगार और अनुसंधान से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति तक वैज्ञानिक शब्दावली का पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय भाषाओं में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। समापन पर डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु स्थापित करने में सफल रही है। विश्वविद्यालय के समन्वयक एवं इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ एमके तिवारी, डॉ सौरभ मित्रा एवं, डॉ जोइता मुखर्जी आदि मौजूद थे।

# नाइसटेक और जीडीसी के बीच एमओयू का नवीनीकरण

## एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** आज गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन एवं महाविद्यालय के मध्य हुए एमओयू को पुनः नवीनीकृत किया गया। यह नया एमओयू सत्र 2019 से 2025 तक चले सफल सहयोग की निरंतरता को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में ईदगाह चौक, बिलासपुर स्थित नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन और गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज के मध्य हुए एमओयू के पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निरंतर सार्थक एवं रोजगारोन्मुखी कार्य किए गए हैं। इस अवधि में सेमिनार, नियमित क्लासेस, विभिन्न ट्रेनिंग प्रोग्राम, प्लेसमेंट सपोर्ट, आईटी सपोर्ट तथा टैली-अकाउंटिंग सहित अनेक तकनीकी एवं व्यावसायिक कोर्स संचालित किए गए, जिनसे छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने में उल्लेखनीय लाभ मिला है। नए नवीनीकृत एमओयू के अंतर्गत भविष्य में भी विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार के अवसर तथा आर्थिक स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जाएगी। नाइसटेक द्वारा एचडीएफसी बैंकर प्रोग्राम एवं विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के सहयोग से प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस की सुविधाएं प्रदान की जाती रहेंगी। नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षण देकर छात्रों को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। नाइसटेक के डायरेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं के साथ-साथ पूर्व विद्यार्थियों को भी शैक्षणिक एवं तकनीकी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा संचालित विशेष कंप्यूटर कोर्स पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं, जिनका लाभ बिलासपुर जिले के एससी और एसटी वर्ग के विद्यार्थी उठा सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी कार्यक्रम के दौरान कॉलेज कैंपस में पंजीयन कर इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



### सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन कल

**बिलासपुर।** अभा कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट का सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन, पुत्रवधू सम्मान, प्रतिभावान सम्मान 21 दिसम्बर को कसौंधन वैश्य समाज भवन, करबला रोड, बीजेपी ऑफिस के सामने आयोजित किया जा रहा है। समाज के रमेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 9 बजे से पंजीकरण एवं 10 बजे से 2:30 बजे तक परिचय सम्मेलन, पुत्र वधू सम्मान एव प्रतिभावान छात्र छो1त्रों का सम्मान 2.30 बज़े से प्रारंभ होगा। परिचय सम्मेलन में शामिल होने संस्था से संपर्क कर पूर्व पंजीयन कराया जा सकता है। सर्व वैश्य समाज के बीच वैवाहिक रिश्ते करने विवाह योग्य युवक युवतियों एवम परिजनों को समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विकल्प के विस्तार होने के साथ ही विधवा, विधुर, तलाकशुदा, मांगलिक एवं अधिक आयु के अविवाहित लोगो के लिए यह आयोजन रखा गया है। छग सहित देश के दस से अधिक राज्यों के वैश्य समाज के प्रतिभागियों द्वारा शामिल होने पंजीयन कराया जा रहा है।

# देवघर में अतिरुद्र महायज्ञ का समापन



**बिलासपुर।** देवघर के आरएल सर्राफ स्कूल प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय अतिरुद्र महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन दिव्यता और गरिमा के साथ हुआ। समापन समारोह में दैवी सम्पद मंडल के महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज ने आयोजन में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों को प्रशस्ति-पत्र और प्रसाद देकर सम्मानित किया।

स्वामी जी ने कहा कि यह पूरा महायज्ञ ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी शारदानंद महाराज द्वारा संकल्पित था। उनके दिव्य मार्गदर्शन तथा गुरु भाइयों के सहयोग से यह विराट अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने देवघरवासी तथा देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवघर की जनता ने जिस समर्पण और प्रेम से इस आयोजन को सफल बनाया, वह अनुकरणीय है। 26 नवंबर से शुरू हुआ यह नौ दिवसीय महायज्ञ देवघर को पूर्णतः आध्यात्मिक वातावरण में डुबो गया। पूर्णाहुति के दिन 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। समापन के अगले दिन 5 दिसंबर को स्वामी हरिहरानंद महाराज की इच्छा से आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। इसमें देवघर के मीडिया के साथियों, स्थानीय संस्थाओं, कार्यकर्ताओं, सेवकों, एवं देश–विदेश से आए गुरु भाइयों को सम्मानित किया गया। बैद्यनाथ धाम गौशाला, मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, श्याम कीर्तन मंडल, महिला समिति, महिला विकास मंडल आदि शामिल थीं। प्रमुख सलाहकार गिरधारी अग्रवाल ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए सभी सहयोगकर्ताओं का अभिनंदन किया। मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सुल्तानिया और महामंत्री रमेश कुमार बाजला ने भक्तिभाव से धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराज ने घोषणा की कि अतिरुद्र महायज्ञ की नई श्रृंखला अब देवघर से प्रारंभ हो चुकी है। अगला यज्ञ दिल्ली में इसकी अगली कड़ी नवंबर 2026 में दिल्ली में आयोजित होगी, जो इससे भी अधिक भव्य और विराट रूप में संपन्न किया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव को किया तलब

**बिलासपुर।** तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मातृ एवं शिशुओं के इलाज के दौरान अस्पताल में पोस्ट मार्टम के लिए शव रखने का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच चुका है। कोर्ट ने सीएमएचओ सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को तलब किया है। सूत्रों के अनुसार कोर्ट ने सीधे स्वास्थ्य सचिव को उपस्थित होने कहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी के दौरान शव रखने के मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को तलब किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अधिकारियों से अगली पेशी तक रिपोर्ट मांगा है। खास बात यह है कि तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी में शव रखने की खबर हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जहां दुधमुंहे बच्चे, गर्भवती महतांरी के अवाला बड़ी संख्या में मरीज होते हुए भी डाक्टर और पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक शव को ओपीडी में रख दिया था। इस दौरान शव से निकलने वाली दुर्गंध और संक्रमण का खतरा मरीजों पर भी बना रहता है। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अगली तारीख 12 फरवरी दी है।

- तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली का मामला



### असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने कसा शिंकजा

**बिलासपुर।** शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बन चुके बदमाशों की पुलिस अब खबर ले रही है। शुक्रवार को तारबहार क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को पुलिस ने थाने में तलब किया और सबक सिखाया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए है। तारबाहर पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक की और 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इस दौरान ज्ञान शुक्ला पिता श्याम बाबू शुक्ला, उम्र 26 वर्ष, निवासी सरजू बगीचा, थाना सिविल लाईन और शेख समीर पिता शेख मुनीर, उम्र 45 वर्ष, निवासी इंदिरा कॉलोनी, थाना तारबाहर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, बाहर से आकर अवैध रूप से रह रहे व चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले 9 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। इसी प्रकार सिटी कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस की तहत कार्रवाई करते हुए जित्तू गढेवाल पिता भागवत कतियापारा थाना सिटी कोतवाली,जैदूल हक पिता फजलुल हक उम्र 19 वर्ष निवासी सदर बाजार, राहुल केंवट पिता दिलीप केंवट उम्र 19 वर्ष निवासी पचरीघाट केंवट मोहल्ला, रवि शंकर गढेवाल पिता रूद्र शंकर गढेवाल उम्र 26 वर्ष निवासी शिव चौक कतियापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपीगण अपराधी प्रवृति से संलिप्त है, ऐसे में क्षेत्र में अपराध रोकने व आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर कार्रवाई की गई है।


# शैल वस्त्रालय में "चुपके - चुपके" घुसे पाँच लोग, सीसीटीवी में क़ैद हुई पूरी घटना

पूरा रिकार्डिंग देखने के लिए कोड स्कैन करें

https://youtu.be/O9DWuxwxPL8?si=EgRqhlLuVvgwh-nj

**शहर के प्रतिष्ठित और चर्चित शोरूम शैल वस्त्रालय में बीती रात एक अजीबो-गरीब लेकिन चौंकाने वाली घटना सामने आई। देर रात, जब पूरा इलाका शांत था तभी चोरी-छिपे पाँच लोगों की हलचल शोरूम के अंदर देखी गई।**

शहर के प्रतिष्ठित और चर्चित शोरूम शैल वस्त्रालय में बीती रात एक अजीबो-गरीब लेकिन चौंकाने वाली घटना सामने आई। देर रात, जब पूरा इलाका शांत था तभी चोरी-छिपे पाँच लोगों की हलचल शोरूम के अंदर देखी गई।शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। फुटेज में साफ़ देखा जा सकता है कि ये लोग बड़े इत्मीनान से शोरूम के अंदर घूमते नज़र आए और मौके का फायदा उठाकर वहाँ मौजूद डिज़ाइनर कपड़ों का ट्रायल लेने लगे। इस नज़ारे ने कुछ देर के लिए इलाके में सनसनी और कौतूहल का माहौल बना दिया। हालांकि, जब पूरे मामले की गहराई से जांच और पूछताछ की गई, तो सच्चाई सामने आते ही सब हैरान रह गए। पता चला कि ये लोग कोई आम चोर या संदिग्ध नहीं, बल्कि प्रोफेशनल मॉडल्स थे।शैल वस्त्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, दरअसल शोरूम में एक एड फिल्म की शूटिंग चल रही थी। ग्राहकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसलिए यह पूरा सीक्वेंस रात के समय शूट किया गया।यह एड फिल्म शैल वस्त्रालय के लेटेस्ट वेडिंग कलेक्शन और एक्सक्लूसिव डिज़ाइनर ड्रेसेस को बेहद स्टाइलिश अंदाज़ में शोकेस करती है, जिसका लॉन्च हाल ही में किया गया। इस अवसर पर मार्क हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. कमलेश मौर्य सर एवं डॉ. रेणुबाला मैम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे साथ ही अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव, शैल वस्त्रालय के निदेशक विवेक गुप्ता, विनय गुप्ता एवं अनीश गुप्ता,तथा शैल वस्त्रालय के विशिष्ट एवं प्रमुख ग्राहकगण भी इस खास अवसर पर मौजूद थे।



फिचर इंपैक्ट

## निधन

### प्रकाश चंद गुरुवानी



बिलासपुर। स्मार्ट रोड बलेजा सेलून के सामने वाली गली मकान न. एच -2/9 निवासी प्रकाश चंद गुरुवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व: होतुमल गुरुवानी के सुपुत्र, अर्जुन गुरुवानी के छोटे भाई एवं विजय,संजय अजय के पिता थे।

### शारदा प्रसाद जायसवाल



बिलासपुर। श्याम टॉकीज के पीछे खाटू श्याम मंदिर निवासी शारदा प्रसाद जायसवाल का 19 दिसंबर को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. उर्मिला जायसवाल के पति, प्रकाश व गोपाल जायसवाल के पिता थे।

### गणेश प्रसाद बोलर



बिलासपुर। जवाली पुल जूना बिलासपुर के पास रहने वाले गणेश प्रसाद बोलर 19 दिसंबर को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्ति धाम में किया गया। वे कृष्ण गोपाल बोलर के पिता, राजेंद्र बोलर, शेखर बोलर, संजय बोलर के बड़े भाई थे।

### बीएल मानिकपुरी



बिलासपुर। रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर विनोबा नगर निवासी बीएल मानिकपुरी का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे भारती नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संजय मानिकपुरी, संदीप मानिकपुरी, डा.बेला महंत, मंजु महंत, कामिनी महंत, डा.अनुपमा के पिता थे।

### हरी लाल सोनी



बिलासपुर। मोपका ग्राम नागोई निवासी हरिलाल सोनी का निधन 19 को हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र, सुरेंद्र, मीनाक्षी, शकुंतला, पुष्पा, सुषमा, माया के पिता थे।

### दिलीप जाधव



बिलासपुर। गली नंबर 3 बंगालीपारा सरकंडा निवासी दिलीप जाधव का 19 दिसंबर को निधन हो गया। वे 50 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक जाधव, रमेश जाधव के छोटे भाई एवं रुद्र जाधव के पिता थे।

### कुमारी सपना बढ़ेल



बिलासपुर। करबला सुदर्शन भवन निवासी सपना बढ़ेल का निधन हो गया। वे 29 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 बजे मधुबन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुन्दर लाल बढ़ेल व सुग्गा बढ़ेल की पुत्री, श्रीकांत बंटी बढ़ेल, अर्जुन बढ़ेल, राजा बढ़ेल व अंकित बढ़ेल की बहन थीं।

### सरोज कुमार लदेर



बिलासपुर। ओम नगर जरहाभाठा निवासी सरोज कुमार लदेर का 86 वर्ष की आयु में 19 दिसंबर को निधन हो गया। दोपहर 2.30 बजे प्रभु की वाटिका में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे पी. लदेर के पति और बरखा सामुएल, सारिका बरनार्ड, नम्रता पीटर के पिता व समित सामुएल, बरनार्ड अरविंद प्रताप के ससुर थे।

### सुशासन सप्ताह पर सिलतरा में लगा शिविर

# प्रशासन गांव की ओर अभियान शासन को ग्रामीणों के करीब लाने का प्रयासः कौशिक



**पथरिया।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रशासन गांव की ओर थीम पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गांवों में शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, जरूरी प्रमाण-पत्रों की सुविधा, तथा जन शिकायतों का निवारण करना है।

अभियान अंतर्गत पथरिया विकासखण्ड के ग्राम सिलतरा जोन में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, जनपद पंचायत अधिकारी शामिल हुए। शिविर को सम्बोधित करते हुए धरमलाल कौशिक ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार गांव की ओर चलकर ग्रामीणों की बीच संवाद स्थापित कर रही है और उनके समस्याओं, मांगों और शिकायतों का निराकरण कर रही है जो जनतंत्र का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर केवल एक नारा नहीं है, बल्कि प्रभावी शासन को ग्रामीण लोगों के करीब लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी प्रयास है। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने शिविर को जनउपयोगी बताते हुए कहा कि सुशासन शिविर ग्रामीणों को उनके अधिकारों से परिचित कराने और योजनओं के लाभ दिलाने का प्रमुख साधन बन रहा है। शिविर के नोडल दिनेश सिंगरौल ने बताया कि सिलतरा शिविर में कुल आवेदन मांग से संबंधित 630 प्राप्त हुए। जिनमे, मौके पर ही 352 का निराकरण किया गया। सरपंच तामेश्वर राजपूत ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, निश्चल गुप्ता, रिंकू सिंह ठाकुर, हुलसी रघु वैष्णव, मनोज पांडेय, ज्योति सिंह, संजय राजपूत, अभिलाष त्रिवेदी जगदीश वर्मा, सुखदेव वर्मा, राजेन्द्र साहू, रितेश यादव आदि मौजूद थे।

# संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



- मेले में शामिल होने घर से निकला था युवक, हत्या की आशंका

ग्राम कुधुरताल में एक ग्रामीण की संदिग्ध अवस्था मे लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की बाइक भी लाश से कुछ दूर लावारिस हालत में पड़ी मिली है। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव का शिनाख्त कराया एवं आगे कार्रवाई शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर सुबह 6 बजे ग्राम कुधुरताल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश देखकर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची एवं लाश की शिनाख्त कराई गई, जिसमें मृतक की पहचान ग्राम डुमरहा थाना चिल्फी निवासी कोमल बंजारा पिता परसराम बंजारा 45 वर्ष के रूप में की गई। गौरतलब है कि, मृतक 18 दिसम्बर को लालपुर में बाबा गुरुघासी दास जयंती पर आयोजित 3 दिवसीय मेले में शामिल होने अपने घर से शाम के समय बाइक से निकला था, जिसकी शुक्रवार को लाश कुधुरताल में मिलने से परिजन सदमें में हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की है। मृतक के शरीर पर कोई गंभीर जख्म का निशान नहीं मिला, जो जांच का विषय है। पुलिस ने एफएसएल की टीम की मदद से घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्रित किया एवं मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करा कर परिजनों को सौंपा गया। थाना प्रभारी आमित गुप्ता ने बताया कि कुधुरताल में ग्रामीण की लाश मिली है, मामला संदिग्ध है, पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा होगा।

### विवेचना में जुटी पुलिस

प्रथम दृष्ट्या लाश को देखकर मामला संदिग्ध लग रहा है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम की मदद ली गई है। पीएम रिपोर्ट आने बाद कुछ कहा जा सकता है। पुलिस विवेचना में जुटी है।

**- हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने की सिंह से मुलाकात



**सीपत।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला पदाधिकारियों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह से उनके निज निवास में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सीपत क्षेत्र धनियां, खम्हरिया धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक एवं सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कमलकांत पटनवार, जिला महासचिव रूद्र तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष कोमल चंद्राकर, दिलीप शुक्ला, अरुण कश्यप एवं राकेश साहू सहित अन्य जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने संघ के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों, किसानों और सहकारिता संस्थाओं के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और सभी को साथ लेकर विकास की नई दिशा में कार्य करेंगे। भेंट के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई, जिससे आने वाले समय में बैंक और कर्मचारी संघ के बीच बेहतर तालमेल की उम्मीद जताई गई।

# वरिष्ठ पेंशनर्स को किया गया सम्मानित



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से पूर्व प्राचार्य विद्याशंकर तिवारी के मुख्य अतिथि एवं प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष पीआर यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स विद्याशंकर तिवारी, हरिमोहन पाण्डेय, एलपी चन्द्राकर, जेआर कोठारी, बंशीलाल तिवारी, रामफल कौशिक, बिष्णुप्रसाद पाण्डेय, महेश प्रसाद पाण्डेय, कांशीराम साहू, रीतराम कुर्रे, श्यामलाल कश्यप, बीआर गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं घनश्याम प्रसाद निर्मलकर का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष रामेश्वर सुमन, संरक्षक राम किशुन राठौर, प्रवक्ता जेके शर्मा, जगत मिश्रा, डीएल डहरिया, रामकिशोर कौशिक, एके भार्गव, अवधराम चन्द्राकर, आरडी शर्मा, नरेश शर्मा, राजेन्द्र चन्द्राकर, कोमल पाटनवार, संतोष प्रजापति, पवित्र सिंह बेदी, डीएन कश्यप, महेश्वर तिवारी आदि मौजूद थे।

# डीएवी स्कूल में गुरु घासीदास जयंती एवं क्रिसमस कार्यक्रम




**मस्तूरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल परसदावेद में बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं क्रिसमस पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित पंथी नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, साथ ही उनके जीवन परिचय, भजन एवं गुरुवाणी के माध्यम से सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया गया। वहीं क्रिसमस पर्व के अवसर पर प्रभु यीशु के जन्म दृश्य का मंचन एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों ने सेंटा क्लॉज और परियों की वेशभूषा पहन कर सजकर सभी का मन मोह लिया। सेंटा के आगमन पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर खुशी का इजहार किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर आनंद और उल्लास से भर उठा। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का एक सराहनीय प्रयास रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# बरतोरी में हर्षोल्लास के साथ मनी गुरु घासीदास जयंती



**बोदरी।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरतोरी में 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती को हर्षोल्लास से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बिल्हा डॉ रामकुमार कौशिक ने गुरु घासीदास के पावन संदेशों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास के उपदेश और जीवन आचरण समाज को सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति डॉ गोविन्द यादव, पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, सरपंच प्रतिनिधि मनहरण नेताम, विधायक प्रतिनिधि नरेश जायसवाल, दीपक यादव, प्रभाकर पांडेय, विद्या डहरिया, दिलेश, सहदेव चेलकर, दिनेश कोशले, नीरज वर्मा, रेवा राम सहित समाज के सभी प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे लोग



तखतपुर। बढ़ती ठंड में नगरपालिका क्षेत्र में अलाव जलाने की बात नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक में रखी गई थी, लेकिन आज तक ओर पर ध्यान नहीं दिया गया। अब लोग स्वयं अलाव जलाकर ठंडी भगाने का प्रयास कर रहे है। इन दिनों पूरा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है, जिससे लोगों की पूरी दिनचर्या प्रभावित हो गई है। वहीं काम की सिलसिले में निकलने वाले लोग भी धूप निकलने के बाद ही आना-जाना कर रहे हैं। शाम होते ही लोग जगह-जगह आग जलाकर लोग ठंडी भगाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि, नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ रही भीषण ठंड को देखते हुए अलाव जलाने को लेकर की गई बैठक में पार्षदों के साथ ही सीएमओ ने भी तत्काल अलाव की व्यवस्था करने की बात कही थी, लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी।

## बिजनेस साइट

# बिजनेस साइकिल फंड्स निवेशकों को आर्थिक उतार-चढ़ाव में अच्छे से गाइड करने में सक्षम

**बिलासपुर।** जब हम जगह ए से जगह बी तक जाते हैं, तो हम स्वाभाविक रूप से सड़क की स्थिति के आधार पर अपने वाहन की गति को एडजस्ट करते हैं- सतह की सहजता, मोड़ों की ढलान, और रास्ते में आने वाले गड्ढों की संख्या भी। अच्छी पक्की सड़कों पर हल्के मोड़ों के साथ, हम तेजी से गाड़ी चलाने में आत्मविश्वास महसूस करते हैं। लेकिन जब सड़क खराब होती है या मोड़ तेज होते हैं, तो हम सुरक्षित रहने के लिए गति धीमी कर देते हैं।

निवेश भी काफी हद तक इसी तरह काम करता है, जिसमें अर्थव्यवस्था हमारे नीचे की सड़क की तरह काम करती है। जब आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, तो हम हाई-ग्रोथ साइक्लिकल सेक्टर्स और स्टॉक्स में ज्यादा निवेश करके अपने पोर्टफोलियो की ग्रोथ की "गति" बढ़ा सकते हैं। इसके विपरीत, जब अर्थव्यवस्था कमजोर होती है, तो गति धीमी करना मददगार होता है - डिफेंसिव, ज्यादा स्थिर निवेश की ओर बढ़ने से बड़े नुकसान का जोखिम कम हो जाता है।

यह डायनामिक अप्रोच ही बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स देने का लक्ष्य रखते हैं। ये फंड्सइकोनॉमिक या बिजनेस साइकिल के मौजूदा चरण के आधार पर लगातार सेक्टर और स्टॉक की पहचान करते हैं और उनमें निवेश करते हैं। उनके फंड मैनेजर अर्थव्यवस्था किसी भी समय कहाँ खड़ी है, इसका आकलन करने के लिए चालू खाता घाटा, राजकोषीय घाटा, क्रेडिट ग्रोथ, ब्याज दरें, मुद्रास्फीति, और सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के कैपेक्स जैसे घरेलू और वैश्विक मैक्रोइकोनॉमिक संकेतकों की एक विस्तृत सीरीज को सक्रिय रूप से ट्रैक करते हैं।



**अनिर्वाण पाल**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर
बिलासपुर

इस आकलन के आधार पर, फंड मैनेजर फिर आर्थिक स्थिति के अनुसार पोर्टफोलियो को "चलाता है"। उदाहरण के लिए, जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही होती है, तो बिजनेस साइकिल फंड्स कंज्यूमर डिस्क्रिशनरी स्टॉक में निवेश बढ़ा सकते हैं, क्योंकि ज्यादा आय से आमतौर पर ज्यादा विवेकाधीन खर्च होता है। इसके विपरीत, आर्थिक तनाव की अवधि के दौरान, वे कंज्यूमर स्टेपल्स की ओर रुख कर सकते हैं, क्योंकि रोजगार को लेकर अनिश्चितता अक्सर उपभोक्ताओं को जरूरी खरीदारी को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करती है।

इस तरह, बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स आपके इक्विटी निवेश के लिए एक भरोसेमंद, विशेषज्ञ "ड्राइवर" के रूप में काम कर सकते हैं, जो आपको भारतीय आर्थिक सड़क पर आने वाले कई उतार-चढ़ावों और गड्ढों से निपटने में मदद करते हैं।

ऐसा ही एक फंड है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड, जिसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसका 1-साल का सीएजीआर 13.41 प्रतिशत, 3-साल का सीएजीआर 21.66प्रतिशतऔर शुरू से (जनवरी 2021) सीएजीआर 21.58प्रतिशतहै, जो 30 नवंबर, 2025 तक का डेटा है। इस तरह फंड ने अपने बेंचमार्क से 1 साल में 6.83प्रतिशत, 3 साल में 6.06 प्रतिशतऔर शुरू से अब तक 4.66प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है।

# तुलसी बने भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष



**बिल्हा।** अजा मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती के लिए जिला नेतृत्व ने तुलसी बघेल को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहते हुए उन्होंने जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए तुलसी बघेल शीर्ष नेतृत्व, जिला नेतृत्व एवं समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अनुसूचित जाति समाज के उत्थान, संगठन विस्तार और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# ट्रक चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**तखतपुर।** धान लेकर जा रहे ट्रक चालक ने दूपहिया वाहन चालक को टक्कर मार दी। घायल को ईलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने तखतपुर कोटा मार्ग पर दो घंटे तक चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार ग्राम बीजा निवासी रविशंकर खुंटे 28 वर्ष अपनी दूपहिया वाहन से घर लौट रहा था तभी कोटा की ओर से धान से लदे ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीके 8809 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे दूपहिया वाहन चालक को गंभीर चोंटे आयी। बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने तखतपुर कोटा मार्ग पर लगभग 2 घंटे तक परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया।









हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वैकेंसी

## सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के 150 पदों पर निकली भर्ती

**बिलासपुर।** राइट्स लिमिटेड की ओर से सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जो उम्मीदवार राइट्स में बतौर सीनियर टेक्निकल के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 दिसंबर 2025 निर्धारित है। सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या मैकेनिकल में डिप्लोमा होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को संबंधित विषय में कार्यानुभव भी होना चाहिए। सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके साथ ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से बहुविकल्पीय प्रकार के 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। इसके साथ ही परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। इस परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा।

# कलाकारों ने किया पनघट, वन गमन, विवाह लीला का मंचन

श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल छत्तीसगढ़ के तृतीय वार्षिकोत्सव पर श्री राधा सखी परिकर बिलासपुर द्वारा एएस फन सिरगिट्टी में आयोजित श्री राधा-कृष्ण लीला महोत्सव के समापन पर वृंदावन से आई मंडली के कलाकारों ने पनघट, गोरे ग्वाल, वन गमन, विवाह लीला का मंचन किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा, आरती कर किया गया। भगवान को भोग, प्रसाद लगाए गए। इसके बाद रासाचार्य स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज श्रीधाम वृंदावन के नेतृत्व में श्रीकृष्ण रास लीला मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि रासलीला में विवाह लीला का प्रसंग, भगवान कृष्ण और गोपियों के दिव्य प्रेम, भक्ति और सांसारिक मोह माया से मुक्ति का प्रतीक है। जहां कृष्ण बांसुरी बजाते हैं और गोपियां उनके प्रेम में लीन हो जाती हैं। यह प्रसंग आध्यात्मिक मिलन, अनन्य भक्ति और आत्म-समर्पण को दर्शाता है, जो भक्तों को मोक्ष और आनंद की ओर ले जाता है। भगवान कृष्ण गोपियों की अनन्य भक्ति देखकर प्रसन्न होते हैं और उनके साथ यमुना किनारे रास करने लगते हैं। गोपियों के अहंकार को तोड़ने के लिए कृष्ण बीच-बीच में अंतर्ध्यान हो जाते हैं। जिससे उनकी विरह-वेदना और प्रेम गहरा होता है।





### प्रदान करता है आध्यात्मिक आनंद

लीला मंचन के दौरान बताया गया कि यह प्रसंग सिखाता है कि जब मनुष्य सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर, पूर्ण प्रेम और भक्ति से ईश्वर का ध्यान करता है, तो वह जन्म-जन्मांतर के पुण्य-पाप से ऊपर उठकर आनंद में मग्न हो सकता है। विवाह लीला कृष्ण और भक्तों के बीच के उस दिव्य प्रेम और मिलन को दर्शाती है, जो उन्हें आध्यात्मिक आनंद और मोक्ष प्रदान करता है।

### दिव्य क्रीड़ा पर आधारित है वन विहार

मंचन में बताया गया कि रासलीला की वन विहार कथा मुख्य रूप से भगवान कृष्ण, राधा और गोपियों के दिव्य प्रेम और क्रीड़ा पर आधारित है। जिसमें वे वृंदावन के जंगलों में बांसुरी की धुन पर नृत्य करते थे। जहां पेड़-पौधे, लताएं और सभी जीव उनके आनंद में शामिल हो जाते थे। ये कथा भक्ति, प्रेम और सांसारिक बंधनों से मुक्ति का प्रतीक हैं, जो रात के समय निधिवन में रास रचाने के प्रसंगों से जुड़ी है।

### 6 स्थानों में होगा मंचन

श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल की संस्थापिका आशा राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि रास लीला मंचन का यह आयोजन प्रदेश के छह स्थानों में होगा। बिलासपुर में बाद अब नैला में चल रहा है। श्रीमती अग्रवाल वृंदावन की इस धरोहर को निरंतर बरकरार रखने का बीड़ा उठाया है। वे चाहती हैं कि छत्तीसढ़ के भक्तजन इस आयोजन से जुड़कर सहयोग करें और हमारी भारतीय संस्कृति को अक्षुग्ण बनाए रखने का प्रयास करें।

आयोजन

## शिक्षा, संस्कार व आत्मविश्वास ही बच्चों का भविष्य बनाएगा




**बिलासपुर।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में शुक्रवार को वार्षिक "किड्स कार्निवल" का रंगारंग आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक रहे। विशेष अतिथियों में भाजपा मंत्री देवेंद्र कौशिक, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना, ब्लैक डायमंड मोटर्स के सीईओ आलोक श्रीवास्तव तथा शांतिनिकेतन एजुकेशन एकेडमिक के संस्थापक राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य निलेश गुप्ता ने कहा कि शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा कि सिरगिट्टी क्षेत्र में यह स्कूल ग्रामीण छात्र-छात्राओ को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देनी का अपना दायित्व पूरा कर रहा है।

### बिलासा कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी



# समग्र व्यक्तित्व का विकास करेगी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय "एडुविजन 2047 इनोवेशन एंड लीडरशिप फॉर एकेडमिक एंड साइंटिफिक एडवांसमेंट" रखा गया है, जो विकसित भारत के संकल्प की दिशा में शिक्षा, नवाचार एवं नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित करता है।

संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एडीएन बाजपेई रहें अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा की दृष्टि शास्त्रसम्मत होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एकात्मवादी एवं आध्यात्मिक दृष्टि को प्रोत्साहित करती है, जिससे समग्र व्यक्तित्व का विकास संभव हो पाता है। विशिष्ट अतिथि कुलपति डॉ वी के सारस्वत ने अपने वक्तव्य में शैक्षणिक चरित्र निर्माण पर बल देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से प्रभावी रूप से लागू करने से ही एडुविजन 2047 का लक्ष्य साकार हो सकेगा। डॉ डीपी साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ज्ञान-आधारित शिक्षा से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। भारतीय शिक्षा प्रणाली न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि मस्तिष्क को सही दिशा में आकार देने का कार्य भी करती है।

### समावेशी शिक्षा को बढ़ावा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश ने एडुविजन: 2047 की अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण एवं संवर्धन, कौशल विकास उन्नयन तथा समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। सेमिनार की संयोजक एवं आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी डॉ. किरण ठाकुर द्वारा संगोष्ठी के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर समुचित प्रकाश डाला गया।संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों में डॉ जी ए घनश्याम ने कैपेसिटी बिल्डिंग विषय पर ओजपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवद्गीता के संदर्भ में एक आदर्श नेतृत्वकर्ता के गुणों का प्रभावशाली विवेचन किया।

### पोस्टर मेकिंग एवं मॉडल स्पर्धा

इस अवसर पर बिलासा कालेज और नाईसटेक इन्स्टीट्यूट के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। प्रथम सत्र के पश्चात डॉ आराधना शर्मा के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग एवं मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का संचालन किया गया, जिसमें 36 प्रतिभागियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समानांतर शोधार्थियों के द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम में शोध पत्रों का वाचन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कावेरी दाभड़कर और डॉ निशा तिवारी द्वारा किया गया।

# दादी के संगीतमय मंगलपाठ में भक्त एक साथ करेंगे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

द्वितीय विश्व ध्यान दिवस पौष शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को लगभग दो हजार भक्तों द्वारा सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि बिरजुका के साथ दुर्गा की साक्षात अवतार राणी सती दादीजी की संगीतमय महा मंगलपाठ में एक साथ ध्यान लगाया जाएगा।

समाज के ललित अग्रवाल ने मुगल काल में सती होने के कारण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व जन्म में राणी सती दादी महाभारत काल के अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा थी। चक्रव्यूह में अभिमन्यु को सद्गति मिलने पर उन्होंने सती होने का निश्चय किया था। चूंकि वे गर्भवती थी। अतः भगवान श्रीकृष्ण के समझाने पर उन्होंने अपने निर्णय को बदलकर परीक्षित जैसे महाप्रतापी को इस संसार में जन्म दिया था। तब श्रीकृष्ण ने उन्हें आशीर्वाद दिया था कि वे कलयुग में नारायणी के रूप में वैश्य कुल में जन्म लेगी। विधर्मियों का संहार कर वे स्व-स्फूर्त ज्योति में विलीन होकर कलयुग में भक्तों का कल्याण करेंगी। यह सत्य घटना राजस्थान के झुंझुनू में राणा के सामने ही घटित हुई थी इसलिए राणी सती दादीजी के नाम से ही विख्यात हुई है।



विश्व ध्यान दिवस पर होगा आयोजन

### दादीजी का कराएंगे सजीव दर्शन

सीए आंनद, सुनीता अग्रवाल ने बताया कि रविवार 21 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से श्री राणी सती दादी का संपूर्ण सजीव दर्शन गोविंदम पैलेस में कराया जाएगा। इस दौरान दादीजी के भव्य दरबार में मेहंदी व चुनरी का महा उत्सव भी मनाया जाएगा। महा मंगल पाठ के अंत में बनारस के प्रशिक्षित पंडों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर श्रीराणी सती दादी की भव्य महाआरती होगी। अजय अग्रवाल व प्रवीण तुलस्यान ने बताया कि भव्य आयोजन में समस्त श्रद्धालुओं के लिए दादीजी की रसोई से भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। चिड़ावा के विश्व प्रसिद्ध पेडों का प्रसाद सभी भक्तजनों को प्रदाय किया जाएगा। आयुष व शिवानी ने बताया कि उक्त सभी आयोजन पूर्णतया: निःशुल्क व सभी भक्तों के लिए है।

कार्यक्रम

## मिडटाउन की बहनों ने मनोरंजक खेल के साथ लिया पिकनिक का आनंद



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन परिवार ने क्लब सदस्यों की पिकनिक का आयोजन कोटा रोड शिवतराई स्थित बैगा रिसोर्ट में किया। यहां सदस्यों ने मनोरंजक गेम एवं विविध व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए जमकर एन्जॉय किया। पिकनिक में अध्यक्ष आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, क्लब संरक्षक सुधा साव, जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, पूर्व अध्यक्ष सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, वरिष्ठ सदस्य शशि आहूजा, सुमन गुप्ता, जीत उपवेजा, हेमलता अग्रवाल, सतिंदर कौर चतरथ, उषा सलूजा, सक्रिय सदस्य सुलोचना सिंह, आरती अम्बष्ट, प्रीति प्रसाद, नंदिनी तिवारी, अंजिता उपाध्याय, सीमा देवांगन, नागमणि राव, रश्मि छाबड़ा, शुभ्रा गुप्ता, सपना गुप्ता, सुचित्रा साव, उषा गुप्ता, ममता वर्मा, मनी जायसवाल, अमरजीत छाबड़ा, अनुराधा, नीतू सिंह शामिल रहीं।

# वाद विवाद प्रतियोगिता, अनुभव रहे प्रथम



बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभाग स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के सिहावा सभागार में किया गया। जिसमें दैनिक जीवन तथा समाज को प्रभावित करने वाले 5 महत्वपूर्ण विषयों में अपने विचार रखने प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपने तर्क प्रस्तुत किए, कार्यक्रम में पक्ष तथा विपक्ष के 10 समूहों में 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के विजेताओं को विश्वविद्यालय के होने वाले आगामी कुल उत्सव कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। छात्रों को संबोधन में कार्यपरिषद के सदस्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा तथा हमारी भारतीय संस्कृति के ऊपर प्रकाश डाला, मंच संचालन लक्ष्य लक्की साहू तथा छात्रा नमिता चंद्रवंशी ने किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुभव सिंह माइक्रोबायोलॉजी विभाग को मिला, द्वितीय स्थान प्रियंका माथुर कंप्यूटर साइंस विभाग को मिला तथा तृतीय स्थान कॉमर्स विभाग के छात्र अभय कौशिक को प्राप्त हुआ, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो आदित्य प्रताप ने विजयी छात्र छात्राओं को बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में कार्य परिषद के सदस्य संतोष तिवारी, विशिष्ट अतिथि छात्र संघ उपाध्यक्ष आलिंद तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो दीपक यादव, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रो रीवा कुलश्रेष्ठ, प्रो आदित्य प्रताप, खेमेंद्र देवांगन सहित छात्र छात्राएं शामिल रहे।

कार्यक्रम

## सेवा भाव समाज की सशक्त नींव बच्चों को किया स्वेटर का वितरण



**बिलासपुर।** रोटी सेवा बैंक बिलासपुर के तत्वावधान में पाली विकासखंड के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला धौंराभाठा में अध्ययनरत 81 बच्चों को निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित राजेश चंदवानी ने अपने उद्बोधन में सेवा भाव को समाज की सशक्त नींव बताया। अध्यक्षता कर रही बी. प्रमिला ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। सुश्री साक्षी चंदवानी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया। इस सेवा कार्य में राजेश चंदवानी, रिमी, साक्षी चंदवानी, बी. प्रमिला, अजय सिंधवानी, अशोक मोटवानी, सुनीता देवयानी एवं विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति बिलासपुर का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सुनील जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने किया।

स्पोटर्स न्यूज

# डीपी कालेज के खिलाड़ी दीपक का सम्मान

**बिलासपुर।** डीपी विधि महाविद्यालय में प्राचार्य कक्ष में एडवोकेट दीपक अग्रवाल का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, महाविद्यालय के भूतपूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी छात्र जिन्होंने विधि की शिक्षा के साथ-साथ एथलीट क्रिकेट बैडमिंटन फुटबॉल में महाविद्यालय को विजेता बनाया। विदित हो कि इन चारों खेलों के वे नेशनल खिलाड़ी भी रहे, इसी तारतम में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ आलोक शर्मा ने बताया की विधि के व्यवसाय के साथ-साथ उनके खेल जीवन में एक उपलब्धि और जुड़ी की छत्तीसगढ़ एडवोकेट संगठन के द्वारा श्रीलंका में 37 वें ऑल इंडिया एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित की जाएगी। जिसमें भूतपूर्व खिलाड़ी छात्र दीपक अग्रवाल का चयन हुआ है उनका यह चयन उनके कठिन परिश्रम मेहनत और क्रिकेट खेल में ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण हुआ है, इस अवसर पर पर गर्वनिंग बॉडी के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने उनके भविष्य और खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अन्नू भाई सोनी, उपप्राचार्य प्रोफेसर सुषमा तिवारी, प्रोफेसर तिलक राम पटेल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।



## रेलवे की खिलाड़ी पूजा का विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में चयन




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल में टिकट कलेक्टर सह सीनियर कमर्शियल क्लर्क के पद पर कार्यरत खिलाड़ी पूजा का चयन विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ी पूजा ने अपने सतत परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के माध्यम से न केवल भारतीय रेलवे बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी पूजा को बधाई दी।

# कबड्डी में कोटा की टीम बनी विजेता

कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में कोटा को 8 अंको से हराकर 32 वा ख़िताब अपने नाम किया। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 38 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया,इस प्रतियोगिता में कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में करपीहा कोटा को 30-22 के मुकाबले 8 अंको से हराकर कबड्डी मे अपनी दबदबा कायम रखा। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में लिम्हा को 25-14 के मुकाबले 11 अंको से हराकर फाइनल में पंहुचा था, दूसरा सेमीफाइनल करपीहा कोटा विरुद्ध हारनमुड़ी टीम के मध्य खेला गया जिसमें करपीहा ने 28-10 के मुकाबले मुकाबले 18 अंको से जीत दर्ज कर फाइनल मे प्रवेश किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 21 हजार रूपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम करपीहा को 15 हजार रु व ट्रॉफी प्रदान किया गया। विजेता होने पर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सौरभ राय,कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू बिलासपुर नगर कबड्डी संघ अध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, सचिव जितेंद्र सराफ, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष राय सिंह यादव ने शुभकामनाएं दी।



## किसानों को दिया गया निर्यात संबंधी प्रशिक्षण



**पेंड्रा।** अनाज, ताजे फल एवं सब्जियों के निर्यात अवसरों को लेकर किसान उत्पादक संगठनों के लिए निर्यात जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल सेंटर पॉइंट पेंड्रा में किया गया। कार्यक्रम एपीडा रायपुर एवं सोनभद्र ट्राइबल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में एपीडा के अधिकारी अशोक ने किसानों को निर्यात योजना, गुणवत्ता मानक, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रमाणन तथा संपूर्ण निर्यात प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, सही गुणवत्ता, ट्रेसेबिलिटी और नियामक अनुपालन के माध्यम से किसान अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच बना सकते हैं। इस अवसर पर गणेश जायसवाल, राजेश पैकरा, हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारी एवं डीएमएम दुर्गा शंकर सोनी का विशेष सहयोग रहा। अतिथियों ने किसानों को मूल्य संवर्धन, बाजार से जुड़ाव और सरकारी योजनाओं के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल रहीं। एफपीओ के सीईओ सोमेश दत्त ने कहा कि, ऐसे कार्यक्रम किसानों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, और उन्हें स्थानीय बाजार से आगे वैश्विक बाजार की सोच प्रदान करते हैं। उन्होंने एपीडा सहित सभी विभागीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों ने की कौशिक से सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक के निज निवास परसदा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष बिलासपुर शहरी वैभव गुप्ता, जिला अध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण ऋषभ चतुर्वेदी, प्रदेश युवा मोर्चा सन्नी केशरी एवं रोशन सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पुनीता डहरिया तथा अनुसूचित जाति मोर्चा से चंद्र प्रकाश सूर्या सहित अन्य विभिन्न पदाधिकारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों, जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।

## ग्रामीणों की मांग पर अटल ने एसडीएम को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** ग्राम अमाली में मेसर्स विराज अर्थ फ्यूजन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोलवाशरी स्थापित की जा रही है, जिसकी जनसुनवाई 22 दिसंबर को निर्धारित की गई है। उक्त जनसुनवाई को स्थगति करने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने एसडीएम कोटा को पत्र लिखा।

अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, ग्राम अमाली में कोलवाशरी स्थापित हो रही है, जिसमें अमाली के आसपास के 20 गांव प्रभावित हो रहे हैं। जनसुनवाई का कार्यक्रम प्रभावित ग्राम के बजाए निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में किया जा रहा है, जबकि 22 दिसंबर को केशरवानी महाविद्यालय में दो पाली में सेमेस्टर परीक्षा भी



आयोजित होनी है। ऐसे में महाविद्यालय में जनसुनवाई होने से परीक्षार्थियों को समस्या होगी। अटल ने कोटा एसडीएम को पत्र लिखते हुए कोलवाशरी के समस्त दस्तावेज उपलब्ध करवाने की मांग करते हुए बिलासपुर कलेक्टर को अवगत कराया। सूरज साधेलाल भारद्वाज, जनपद पंचायत अध्यक्ष कोटा दुर्गेश साहू, सांसद प्रतिनिधि बजरंग जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कोटा सरपंच मोनू केंवट, श्यामजी यादव, राजेश साहू, सुरेश पांडेय, राजेश बिंझवार, सहित सरपंच सहित ग्रामीणों ने उपस्थित अटल श्रीवास्तव से कोलवाशरी की जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की।

# Pride of Bilaspur



### अंजनी बिल्डकॉन भवन निर्माण में बना लोगों की पहली पसंद



वर्तमान समय में अपना आशियाना बनाना बहुत ही कठिन काम हैं। लोग अपने जीवन भर की जमा पूंजी को एक मकान बनाने में खर्च कर देते हैं, ताकि उनके आने वाली पीढ़ी को किराए के घर में रहने की मजबूरी न हो। बाजार में ऐसे कई इंजीनियर और भवन ठेकेदार हैं, जिन पर विश्वास करना बहुत ही कठिन कार्य हैं। लोगों के विश्वास और बेहतर घर बनाने का वादे करते हुए सन् 2011 में विपिन राय ने अंजनी बिल्डकॉन की स्थापना की, जो भवन निर्माण के अलावा निर्माण सामग्री भी लोगों को उचित दर पर उपलब्ध कर रहा है। यही वजह है कि अंजनी बिल्डकॉन शहर के अलावा दूसरे जिलों में भी भवनों का निर्माण कार्य कर रही है। अंजनी बिल्डकॉन के डायरेक्टर विपिन राय ने बताया कि लोगों के मांग के अनुसार भवन निर्माण किया जाता है, जिसमें मकान, दुकान सहित अन्य प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### विश्वसनीय सेवा, और बेहतर निर्माण की पहचान यादव एसोसिएट्स



बिलासपुर बैमा नगोई रोड, खमतराई स्थित यादव एसोसिएट्स द्वारा भवन निर्माण से संबंधित सभी प्रकार की परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्था के अनुभवी इंजीनियर आर. एल. यादव के मार्गदर्शन में ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

**भवन निर्माण हेतु परामर्श सेवाएँ उपलब्ध**

भवन नक्शा (बिल्डिंग प्लान) निर्माण, सर्वे एवं डिज़ाइन, लागत अनुमान (एस्टिमेट) एवं एलिवेशन निर्माण, पर्यवेक्षण (सुपरविजन) संपत्ति मूल्यांकन (वैल्यूएशन) यदि आप नया मकान, दुकान अथवा किसी भी प्रकार का भवन निर्माण कराना चाहते हैं, तो अनुभवी तकनीकी सलाह हेतु यादव एसोसिएट्स से संपर्क कर सकते है।

### मित्तल फर्नीचर मे क्रिसमस एवं न्यू ईयर स्पेशल ऑफर 20% की छूट



बिलासपुर। अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल ने बताया कि क्रिसमस पर विशेष आफर चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि गत 24 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच महाराणा प्रताप चौक के पास व्यापार विहार रोड में अब नयी साज सज्जा के साथ स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।











## खबर संक्षेप

### प्रशासन गांव की ओर अभियान 25 तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय के तत्वावधान में 19 से 25 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की साप्ताहिक टीएल बैठक में इसकी रूपरेखा बताते हुए तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। अभियान का उद्देश्य जिले के विभागों की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। जनपद एवं पंचायत स्तर पर इस दौरान विशेष शिविरों का आयोजन कर जनता की शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डीएफओ नीरज सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### चाकू लहराते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मेला परिसर में चाकू लेकर उपद्रव मचाते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू भी बरामद कर लिया है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर ग्राम भरनी में तीन दिवसीय सतनामी समाज द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन भीड़ होने के कारण थाना प्रभारी सकरी विजय चौधरी व स्टाफ सतत निगरानी एवं चेकिंग कर रहे है। शुक्रवार को चेकिंग के दौरान बाजार चौक अमेरी निवासी आशु बघेल पिता राजू बघेल उम्र 20 वर्ष चाकू के साथ पकड़ाया। इस दौरान वह राहगीरों को चाकू दिखा रहा था। पुलिस ने बड़ी घटना होने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बस ने मारी को टक्कर बाल-बाल बची जान

**बिलासपुर।** फेरी वाले की बाइक को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बाल-बाल बच गया, लेकिन बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक ने बस चालक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार गोढावन थाना इंगोरिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश का रहने वाला रमेश साहू वर्तमान में मदनपुर रतनपुर में रहता है और फेरी लगाकर सामान बेचता है। सुबह 11 बजे वह तिफरा से रतनपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान राजीव गांधी चौक के पास अपनी बाइक क्रमांक एमपी09 वीजेड 1742 से जा रहा था, तभी तेजी से बस क्रमांक सीजी 10 बीटी 8085 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त भी की बाइक सहित चालक पास में खड़े रिक्शा पर गिर गया। इस दौरान बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को आसपास के लोगों ने बचाया।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच की मांग

**बिलासपुर।** 6 माह पहले पचरीघाट में मिले युवक की लाश के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजन शुक्रवार को एसएसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचें और युवक की मौत पर हत्या की आशंका व्यक्त की। इस दौरान परिजनों ने पुलिस पर जांच में लापरवाही बरतने की बात कही है। सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरगोड़ा निवासी 26 वर्षीय राजेंद्र सूर्यवंशी उर्फ राजू की मौत का संदिग्ध तौर पर हो चुकी है, उनका शव 15 जुलाई को पचरी घाट में मिला था। उनके पिता सनोहरल लाल सूर्यवंशी सहित अन्य परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले में हत्या की आशंका व्यक्त की और निष्पक्ष जांच की मांग की है। दरअसल पेंटिंग का काम करने वाला राजेंद्र अपनी पत्नी अनुपा सूर्यवंशी के साथ शनिचरी छात्रावास रोड स्थित अनिला टावर में रहता था। 13 जुलाई को राजेंद्र अचानक लापता हो गया था। अगले दिन 14 जुलाई को परिजनों ने सरकंडा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस दौरान 15 जुलाई को शव मिला था। परिजनों का आरोप है कि पंचनामा रिपोर्ट में सिटी कोतवाली पुलिस ने हत्या का मामला नहीं बनाया और परिजनों से बयान भी नहीं लिया है। जबकि पीएम रिपोर्ट में राजेंद्र के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोट के निशान और पसलियां टूटने की जानकारी मिली है। इन्हीं गंभीर आंतरिक चोटों को रिपोर्ट में मौत का कारण बताया गया है।

---

**वर्षों से मतदाता सूची में जुड़े हुए थे मृतकों के नाम** | **एसआईआर में जानकारी सामने आने के बाद सभी नाम हटाए जाएंगे**

# परलोक सिधार चुके जिले के 71 हजार 769 मतदाता, एसआईआर में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले में 71 हजार 769 मतदाता परलोक सिधार चुके हैं। इसका खुलासा एसआईआर के तहत डोर-टू-डोर मतदाताओं के सत्यापन व गणना फार्म भराने के दौरान हुआ है। अब तक इन मृतकों के नाम मतदाता सूची में चले आ रहे थे, जिसे अब प्रारंभिक प्रकाशन के पहले सभी नाम हटा दिए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सत्यापन की तिथि 18 दिसंबर को समाप्त हो गई है। एसआईआर तहत सत्यापन एवं प्रत्येक मतदाताओं से गणना फार्म भराने का काम करीब डेढ़ माह तक चला है। मतदाताओं के डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भराने का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था। पहले बीएलओ अपने-अपने बूथों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फार्म वितरित किए और बाद में भरे गए गणना फार्म को वापस जमा कराए। मतदाताओं के सत्यापन व गणना फार्म भराने की तिथि समाप्त होने के बाद अब



एसआईआर को लेकर फाइनल आंकड़ा सामने आने लगा है। एसआईआर के आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है कि बिलासपुर जिले में 71 हजार 769 मतदाता परलोक सिधार चुके हैं। ये मतदाता इस दुनिया में नहीं है, किन्तु पिछले कई सालों से इनके नाम मतदाता सूची में चले आ रहे हैं। अलग-अलग समय में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण दौरान इन मृतकों के नाम मतदाता सूची से काटे नहीं गए थे और न ही उनके परिवार वालों द्वारा नाम कटवाएं गए थे। लेकिन एसआईआर तहत बीएलओ सत्यापन करने निकले और प्रत्येक मतदाता के नाम का गणना फार्म घरोंघर वितरण कर भरवाए गए तब इसकी जानकारी परिजनों, घर वालों द्वारा संबंधित बीएलओ को दिया गया। इन मृतकों की पूरी लिस्ट अब बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय के पास आ गई है, जिसे प्रारंभिक प्रकाशन के पहले मतदाता सूची से हटाया जाएगा।

### विधानसभावार मृतक व अपसेंट मतदाता

| विधानसभा क्षेत्र | मृतक | अपसेंट |
|---|---|---|
| कोटा | 12106 | 4183 |
| तखतपुर | 11049 | 11780 |
| बिल्हा | 14222 | 15977 |
| बिलासपुर | 11544 | 29648 |
| बेलतरा | 8288 | 33237 |
| मस्तूरी | 14560 | 7646 |

### 1 लाख 24 हजार मतदाता अपसेंट

बिलासपुर जिले अंतर्गत बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। एसआईआर अंतर्गत डोर-टू-डोर सर्वे दौरान जिले में बड़ी संख्या में मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं। डोर-टू-डोर सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर 1 लाख 24 हजार 271 मतदाता अनुपस्थित मिलें हैं। इन मतदाताओं का कोई अतापता नहीं चल रहा है और उन लोगों का एसआईआर दौरान गणना फार्म भी नहीं भराया है।

### काटे जाएंगे सभी नाम

निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत मतदाताओं के सत्यापन, गणना फार्म भराए जाने की तिथि 18 दिसंबर तक बढ़ाई गई थी वह अब समाप्त हो गई है। अभी तक जो जानकारी आई है उसके अनुसार बड़ी संख्या में अपसेंट और मृतक मतदाता पाए गए हैं, जिनके नाम मतदाता सूची से कटेंगे।

**-एस बनर्जी**, एडीएम व उपजिला निर्वाचन अधिकारी

---

**गुजरात से आया बैडमिंटन कोर्ट का डोम, योगा और जिम निजी हाथों में**

# बंद पड़ा 15 करोड़ का स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली नाका स्थित संजय तरण पुष्कर परिसर में 14.60 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उद्घाटन और लोकार्पण के 13 महीने बाद अब खिलाड़ियों के काम आ पा रहा है। 23 नवंबर 2024 को उद्घाटन के बाद से यह बंद पड़ा था और यहां खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई थीं। यहां रखे लाखों रुपए के उपकरण और खेल सामग्री धूल खा रहें थे। बिना उपयोग के यह महंगे सामान धीरे-धीरे खराब हो रहे थे। करीब साल भर बाद इनडोर मैदान, जिम और स्विमिंग पुल जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब खेलने के काम आ रहे हैं। बैडमिंटन, टेबल टेनिस के सामान तो डिब्बों में ही पैक हैं। अधिकारियों के मुताबिक ट्रांसफार्मर लगने के बाद चार्जिंग भी कर ली गई है। जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। योगा को भी निजी हाथों में सौंपते हुए किराए पर दे दिया गया है।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल गतिविधियां शुरू नहीं होने की शिकायत के बाद पिछले दिनों निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इसे जल्द से जल्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को शुरू कराने के निर्देश दिया था। इसके बाद अब इसे शुरू किया गया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने संजय तरण पुष्कर के एक हिस्से में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण के लिए श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को इस काम का ठेका दिया था। काम शुरू करने से लेकर अंत तक ठेकेदार ने संजय तरण पुष्कर के उद्यान में कबाड़ भरकर उद्यान को उजाड़ भी कर दिया था। उस दौरान उद्यान के 15 से अधिक पेड़ों को काट डाला गया था कि 40 साल से अधिक पुराने थे। इसका विरोध भी जमकर हुआ था।



### बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हुई

दूसरी ओर कॉम्प्लेक्स में अब जाकर थ्री-फेज बिजली कनेक्शन मिल सका है, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित नहीं होने की बात कही जा रही है। दरअसल यहां पहले से केवल एलटी लाइन उपलब्ध थी, जो अधिक लोड सहन नहीं कर पा रही। इस कारण स्विमिंग पुल समेत अन्य सुविधाएं चालू नहीं हो पा रहीं थीं। इस बारे में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहा है कि थ्री फेज लाइन लगाने के लिए सीएसईबी को आवेदन दिया गया था। इसका काम पूरा हो चुका है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद इसे चार्ज किया गया। इसके बाद इसका संचालन जिला फिजिकल कल्चरल सोसाइटी को सौंपा गया है।

### महंगा सामान होने के बाद भी नहीं मिला लाभ

इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की दूसरी मंजिल पर दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। इस कोर्ट में टिन का एक शेड लगाया गया है जिसे डोम कहा जाता है। इस डोम को चढ़ाने के लिए 150 टन का भारी क्रेन मंगाया गया तब जाकर इसे फिट किया जा सका। डोम की कीमत भी करीब 25 लाख है जो कि गुजरात से मंगाया गया है। इतना मंहगा सामान होने के बाद भी खिलाड़ी खेल नहीं पा रहे थे।

### पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बना है काम्प्लेक्स

खिलाड़ियों के लिए बने इस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट के साथ बार भी संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन,स्क्वैश और टेबल टेनिस कोर्ट बनाया गया है। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन होगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम बनाया गया है जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे। बेसमेंट में पार्किंग के साथ योगा सेंटर, जिम्नेशियम, कैंटिन व स्टोर रूम रहेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त रूम, हॉल, महिला-पुरुष टॉयलेट, दोनों छोर पर सीढ़ियां, बीच में इंट्री लॉबी और प्रवेश-निकासी द्वार भी है। इंट्रेंस लॉबी के साथ 200 से अधिक दर्शक क्षमता वाला सिटिंग स्टेप, कॉरिडोर,एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा भी होगी।

### शुरू हो गई हैं खेल गतिविधियां

थ्री फेस लाइन के साथ ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी हो गई है। जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। योगा क्लास भी संचालित हो रहा है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो गया है और खेल गतिविधियां शुरू हो गईं हैं।

**- अमित कुमार**, निगम कमिश्नर

---



# खारंग दायीं तट नहर की नए सिरे से होगी लाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 14 करोड़ खर्च होंगे
- टेंडर की प्रक्रिया पूरी

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दाहिनी तट नहर की नए सिरे से लाइनिंग की जाएगी। दाहिनी तट नहर की कुल लंबाई 28 किलोमीटर है, जो खारंग से निकलकर सीपत-मोपका तक आती है। शासन द्वारा इस कार्य के लिए चौदह करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग द्वारा इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट से निकलने वाली दाहिनी तट नहर के जल्द ही दिन बदलने वाले हैं। पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी नहर लाइनिंग को अब नए सिरे से सजाने की तैयारी है। नहर की लाइनिंग पूरी तरह डेमेज होने के मद्देनजर खारंग डिवीजन के द्वारा नए सिरे से लाइनिंग का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकार करते हुए शासन ने विभाग को इस कार्य के लिए चौदह करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

दायीं तट नहर 28 किलोमीटर लंबी है, जो खारंग से प्रारंभ होकर सीपत होते हुए मोपका तक आती है। नए सिरे से लाइनिंग हो जाने के बाद इससे सिंचित होने वाले दर्जनों गांवों को फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी मिल सकेगा। विभाग द्वारा इस कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बीते दिनों बेहद डेमेज हो जाने के कारण विभाग द्वारा नहर के 45 मीटर हिस्से को पूरा उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की गई थी, लेकिन अब पूरी की पूरी नहर ही सुधारी जा रही है।

### 20 साल पहले की गई थी लाइनिंग

खारंग जलाशय की नहर तो करीब सौ साल पुरानी है, लेकिन इसकी लाइनिंग वर्ष 2005 में मनरेगा की राशि से की गई थी। लाइनिंग के बाद राशि के अभाव में इसमें किसी भी तरह का सुधार नहीं किया जा सका था। रखरखाव के अभाव में नहर में अनेक स्थानों पर लाईनिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिससे पानी कई स्थानों से लिकेज भी होता था। नए सिरे से लाईनिंग के बाद यह सारी समस्या समाप्त हो जाएगी।

### टेल एरिया तक जल्दी पहुंच सकेगा पानी

पूरे नहर की नए सिरे से लाइनिंग के बाद नहर के टेल एरिया तक पानी जल्दी पहुंच सकेगा। अभी नहर की कांक्रीट डेमेज है, जिससे पानी का बहाव पूरे वेग के साथ आगे नहीं बढ़ पाता, जिससे टेल एरिया तक न केवल पानी देर से पहुंचता है, बल्कि पानी का बहुत नुकसान भी होता है। अभी नई लाइनिंग के बाद आगे करीब पंद्रह से बीस साल तक फिर नहर में जलप्रवाह में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### मिली है प्रशासकीय स्वीकृति

खारंग की दायीं तट नहर की नए सिरे से लाइनिंग के लिए शासन से 14 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। नहर में नए सिरे से लाइनिंग होने के बाद पानी का अपव्यय काफी हद तक रोका जा सकेगा। टेल एरिया तक पानी पहुंचने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**-मधु कुमार चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

---

# कैमिकल से बनाया भुना चना, खाद्य व औषधि विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दो फर्मों से जब्त किया भुना चना के सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापामारी कार्रवाई कर दो फर्मों से भूना चना के सैंपल जब्त किए हैं। भुना चना बनाने के लिए फर्म के द्वारा सिंथेटिक फूड कलर औरामीन का उपयोग किया जा रहा था। इस दौरान सैंपल जब्त किए गए हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम भुना चना निर्माता फर्म का सिरगिट्टी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमित फुड प्रोडक्ट में 600 किलो, जिसका मूल्य 48000 रुपये एवं जय भोले इन्डस्ट्रीज में 750 किलो मूल्य 60000 रुपये का भूना चना जब्त कर किया है। इस दौरान अधिकारियों ने शिवशक्ति दाल मिल से भूना चना का सैंपल जब्त किया है। सभी फर्मों को विभाग ने नोटिस थमा दिया है। अधिकारियों के अनुसार नमूनो को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाएगा। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि भुना चना बनाने के लिए फर्म के द्वारा नॉन परमिटेड केमिकल सिंथेटिक फूड कलर औरामीन का उपयोग किया जा रहा था। जांच के दौरान अभिहित अधिकारी आर आर देवांगन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता, सुश्री अविषा मरावी, भारती शांडिल्य और नमूना सहायक निखिलेश साहू मौजूद रहे।



छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम।

### नागरिक सहकारी बैंक का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार सोसाइटी कार्यालय में 26 दिसम्बर को नामांकन प्रस्तुत किया जाएगा। 29 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन पत्रों की वापसी, अंतिम सूची का प्रकाशन तथा प्रतीक चिन्हों का आबंटन 30 दिसम्बर को किया जाएगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान 4 जनवरी, रिक्त पदों के लिए सहयोजन 5 जनवरी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए बैठक की सूचना 6 जनवरी को एवं 10 जनवरी को मतगणना होगी। सदस्य इसकी जानकारी ले सकते हैं।

### बिलासपुर प्रेस क्लब चुनाव : 19 प्रत्याशी मैदान में

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस दौरान प्रेस क्लब के बगल में स्थित राघवेंद्र राव सभा भवन में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल बना रहा। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए कुल 19 प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों ने तय समय सीमा के भीतर अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला। 2 बजे से 4 बजे तक नाम वापसी की गई। तत्पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। चुनाव अधिकारी उप पंजीयक ज्ञान साहू ने बताया कि कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से 6 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए, वहीं कमलेश शर्मा का नामांकन पत्र नियमानुसार अस्वीकृत कर दिया गया है। विभिन्न पदों के लिए कुल 19 प्रत्याशी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रह गए हैं। 28 दिसंबर को मतदान होगा।

---

**2018 में प्रोजेक्ट को मिली थी मंजूरी, कोरोना से प्रभावित हो गया था काम**

# 7 साल इंतजार बाद आकार लेने लगी हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोदरी के डड़हापारा में हाउसिंग बोर्ड द्वारा भव्य कॉलोनी का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इस कॉलोनी को वर्ष 2018 में मंजूरी मिली थी, लेकिन कोरोना काल में कार्य बाधित हो गया था। इसके बाद प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने एवं रिवाईज ले-आऊट की मंजूरी के बाद अब दोबारा निर्माण प्रारंभ कियाा गया है। कॉलोनी का निर्माण ढाई वर्ष के भीतर पूर्ण करने की योजना है।

नगर पालिका बोदरी में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की बड़ी कॉलोनी जल्द ही तैयार होगी। कॉलोनी की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। बोदरी में हाईकोर्ट की स्थापना के कारण लगातार कॉलोनियों की स्थापना हो रही है, लेकिन शासन द्वारा इसे नगर पालिका का दर्जा देने के बाद अब इस दिशा में संभावनाएं बढ़ गई हैं। बिल्डर व कॉलोनाईजरों द्वारा भी तेजी से बढ़ने के कारण इसी क्षेत्र में ही इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा भी एक वृहद कॉलोनी की स्थापना से इस क्षेत्र का और भी अधिक विकास होगा।

ज्ञात हो कि डड़हापारा, बोदरी का ही एक वार्ड है, लेकिन यह बीते कई वर्षों से घोर उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलबब्ध नहीं है। यही कारण है कि यहां के निवासियों ने बीते विधानसभा चुनाव में मतदान का शत प्रतिशत बहिष्कार कर दिया था। हालांकि मतदान का बहिष्कार करने के बाद प्रशासन द्वारा यहां सुविधाओं के विस्तार के संबंध में आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई आश्वासन पूरे नहीं किए गए।

यहां उपलब्ध शासकीय भूमि पर क्षेत्रवासियों ने बेजा-कब्जा कर घर बना लिए हैं, जिन्हें हटाकर अन्यत्र विस्थापित करने की भी योजना है। हाऊसिंग बोर्ड की बड़ी कॉलोनी की स्थापना के बाद डड़हापारा के भी भरपूर विकास की दिशा तय होने की संभावना जाहिर की जा रही है।

### 34 एकड़ में बनेगी कॉलोनी

बोदरी में प्रस्तावित उक्त कॉलोनी 34 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में तैयार की जा रही है। यहां पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है, जिससे भविष्य में आवश्यकतानुसार कॉलोनी को और भी विस्तार दिया जा सकेगा।

### 462 मकान बनेंगे

कॉलोनी में कुल 462 मकान बनाना प्रस्तावित किया गया है। कॉलोनी का निर्माण सभी वर्गों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एचआईजी, एमआईएल, एलआईजी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मकान बनाए जाने हैं।

### ठीक बाजू में दाधापारा स्टेशन

निर्माणाधीन कॉलोनी के ठीक बाजू में दाधापारा स्टेशन है। यहां सलेक्टेड कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज भी रहता है। जिससे लोगों को आवागमन के लिए साधन उपलब्ध हो सकेंगे।। कॉलोनी को बोदरी बस्ती होते चकरभाठा एवं बोदरी से परसदा से जोड़ने का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है।

### ढाई साल में पूरा करना है

यह प्रोजेक्ट 2018 में स्वीकृत हुआ था, लेकिन कोरोनाकाल के चलते निर्माण में विलंब हो गया। कॉलोनी में सभी श्रेणियों के कुल 462 मकान बनाए जाएंगे। 34 एकड़ में प्रस्तावित इस प्राजेक्ट को दो से ढाई साल में पूर्ण करना है।

**-जूही श्रीवास्तव**
ईई हाउसिंग बोर्ड

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### लोकसभा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरव



**करगीरोड कोटा।** गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के बीकॉम एलएलबी फाइनल इयर के छात्र गौरव गुप्ता का चयन नेशनल लीडर प्रोग्राम के लिए हुआ है। गौरव लोकसभा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत सरकार की ओर से देश नवयुवाओं के लिए नेशनल लीडर प्रोग्राम शुरू किया गया है, जिसमे हर राज्य से एक युवा का चयन किया जाता है, जो देश की संसद में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। 25 दिसंबर को देश के सभी राज्यों के चयनित युवा दिल्ली के संसद भवन पहुंचेंगे। उन्हें पूर्व स्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं मदन मोहन मालवीय पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया जायेगा। गौरव गुप्ता लोकसभा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं यहां की कला, संस्कृति, विचारधारा से पूरे देश को अवगत कराएंगे।

### आजीविका मिशन कैडरों की समीक्षा बैठक



**मुंगेली।** जिला पंचायत सभाकक्ष में सहायक परियोजना अधिकारी राजीव तिवारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कैडरों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न थीमेटिक क्षेत्रें में की जा रही प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य एनआरएलएम के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देना एवं ग्रामीण परिवारों तक योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करना रहा। सहायक परियोजना अधिकारी ने कहा कि, हाउसहोल्ड सेचुरेशन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा आगामी बुधवार को आयोजित बैठक में की जाएगी। उन्होंने कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### 30 लीटर महुआ शराब सहित 2 कोचिए गिरफ्तार



**रतनपुर।** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रतनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रानीगांव में दो व्यक्ति स्कूटी से भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। सूचना के पर पुलिस की टीम तुरंत एक्शन में आई और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खिलेश्वर कंवर पिता स्व रामप्रसाद कंवर उम्र 19 वर्ष, निवासी सिल्ली थाना पाली कोरबा एवं सुनीता मरावी पति राजेन्द्र मरावी उम्र 35 वर्ष, निवासी रानीगांव थाना रतनपुर बिलासपुर के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### पंचायत सचिव के परिजन को दी गई सहायाता राशि



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम पंचायत लिम्हा कार्यरत पंचायत सचिव शिव शंकर पटेल की शासकीय कार्य करते हुए अचानक हार्ट अटैक आने के कारण मृत्यु हो जाने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने तत्काल अग्रेसिया राशि 25 हजार को स्वीकृति प्रदान करते हुए स्व शिव शंकर पटेल की धर्मपत्नी के नाम से चेक जारी किया। दुख की इस घड़ी में जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, अंकेक्षक जिला पंचायत कमलेश मिश्रा, पंचायत सचिव संघ जिला अध्यक्ष योगेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अजय दीवान तथा अन्य पंचायत सचिवों ने स्वर्गीय शिव शंकर पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पंचायत सचिव संघ की ओर से उनकी धर्मपत्नी को पृथक से 26 हजार रुपए नगद सहायता राशि भी दी गई।सपरिवार के सभी सदस्यों ने दुख की इस घड़ी में जनपद पंचायत परिवार के उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया गया।

### किसान के खेत में रखी धान चोरी

**तखतपुर।** धान की चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोरापारा निवासी राधे श्याम सिंगरौल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 18 दिसम्बर की सुबह 10 बजे उसके खेत में रखी 50 किलो धान की चोरी अमर उर्फ सिब्बू कौशिक ने कर ली। शिकायत पर पुलिस ने अरोपी के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

---

गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम अरुण साव

# बाबा ने दिया मिल-जुल कर साथ रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

- समाजिक भवन के लिए 35 लाख देने की घोषणा
- सभी बाबा के आदर्शों को आत्मसात करें : धर्मजीत

गुरूघासी दास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को तखतपुर के नया बस स्टैंड स्थित सतनाम भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। इस मौके पर अरूण साव ने कहा कि, बाबा गुरूघासी दास जी ने हम सभी को एक साथ आपस में मिलकर रहने और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

हम इस जयंती के अवसर पर यह संकल्प लें कि, एक साथ मिल-जुल कर रहते हुए समाज प्रदेश और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। साथ ही उन्होंने समाज के भवन के लिए 35 लाख रूपए देने की घोषणा की। विधायक धर्मजीत सिंह कहा कि, हम सभी बाबा के बताए उन आदर्शों को आत्मसात करें, और उस पर आगे बढ़ते हुए समाज को साथ लेकर चलें। उन्होंने विधायक निधि से उन्होंने 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, बाबा भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण कर सभी को एक अधिकार दिलाया। उन्होंने भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा की। नगरपालिका की ओर से मोढ़े मार्ग में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, साधे लाल भारद्वाज, जितेंद्र पाण्डेय, दिनेश राजपूत, तरूण खाण्डेकर, संतोष कौशिक, सुनील जांगडे उपस्थित रहे। समाज की ओर से नगरपालिका में प्रतिनिधि के रूप में सुनील जांगडे. एवं सामाजिक गतिविधियों में विशेष भागीदारी के लिए राकेश डहरे को चांदी जैतखाम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश डहरे एवं आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर ने किया।



इस अवसर पर प्रदीप लहरे, बीसी कुर्रे, घनश्याम जांगड़े, दिलीप रात्रे, शशीकांत जांगड़े, सुनील जांगड़े, राकेश डहरे, धरम चतुर्वेदी, नरेंद्र जांगड़े, नरेश रात्रे, संतोष बंजारे, संदीप खाण्डेय, साधे लाल भारद्वाज, आरके डाहिरे, एके जांगड़े, देवेंद्र मिरी, आदर्श बंजारे, गौकरण डिंडोले, सुभाष चतुर्वेदी, ऋषि चतुवेदी, शैलेंद्र आहुजा, अनुज नवरंग, डीपी बघेल, संतोष रात्रे, सूरज चतुर्वेदी, करमचंद रात्रे, के के हिण्डोरे, सतीश कुर्रे, धनुष मनहर, मुकेश बंजारे, संदीप अनंत, जय बाहदुर खांडेकर, महेंद्र मनहर, प्रदीप खांडे, सखाराम लहरे, नरेंद्र पात्रे, पीआर टंडन, संतोष खांडे, विशाल दास खांडे, दिनेश दिवाकर, विजय बंजारे, परगनिहा बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने दिया सामाजिक एकता का संदेश



**मुंगेली।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर 18 दिसंबर को सतनाम भवन दाऊपारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुंगेली संघ के स्वयंसेवकों ने जैतखंभ के समक्ष श्रीफल व माला अर्पित कर आरती-पूजन किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सेवकों ने गुरु घासीदास के मनखे–मनखे एक समान को आत्मसात करने का संकल्प लिया। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर संदीप ताम्रकार, विकास खांडेकर, यशवंत सिंह परिहार, आकाश सोनी, निमेष देवांगन, विकास बुनकर, दिलीप देवांगन, करण साहू, रूप प्रकाश सहित उपस्थित रहे।

---

# समाजसेवा की मिसाल बना फरमानिया ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

### छात्रों को गर्म कपड़े और ग्रामीणों को कंबल वितरण

क्षेत्र में ठंड का असर बढ़ते ही स्व शरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना वार्षिक सेवा अभियान एक बार फिर शुरू कर दिया है। ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य एवं समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया की ओर से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं।

ट्रस्ट कई वर्षों से शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, और हर साल सर्दी की शुरुआत के साथ यह सेवा कार्यक्रम प्राथमिकता से संचालित किया जाता है। सत्य प्रकाश फरमानिया ने बताया कि इस वर्ष भी विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत निर्धन विद्यार्थियों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे ठंड के मौसम में बिना किसी कठिनाई के स्कूल जा सकें। उनका कहना है कि, हमारी कोशिश रहती है कि, ऐसे बच्चे जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण आवश्यक सुविधाओं से वंचित रहते हैं, उन्हें समय पर सहायता पहुंचाई जाए।



#### सत्र की शुरुआत में भी की गई मदद

ट्रस्ट की ओर से इस साल स्कूलों के खुलने के समय बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन सहित अन्य अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई थी, जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध हो सकें।

#### आगे भी जारी रहेगा सेवा अभियान

समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया ने कहा कि, यह सेवा अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ट्रस्ट हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए तत्पर रहेगा।

#### ग्रामीण इलाकों में कंबल वितरण

ट्रस्ट ने हाल ही में नया कूपा बैगा पारा, केंवची के पंडो पारा और लोहार मोहल्ला, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति धनुहार समुदाय के लोग निवास करते हैं, वहां बड़ी संख्या में कंबल का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य के लिए ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया है। ठंड को देखते हुए ट्रस्ट की ओर से प्राथमिक शाला भाड़ी, माध्यमिक शाला भाड़ी, प्राथमिक शाला पटेरा टोला, संस्कृत विद्यापीठ अड़भार, हाई स्कूल भाड़ी प्राथमिक शाला मुड़ा टोला, शासकीय प्राथमिक शाला बारी उमराव, डंगनाही, कंचनडीह, नवागांव, उरांव पारा, आम गांव, खुटहन टोला, शासकीय हाईस्कूल टीकरखुर्द, शासकीय प्राथमिक शाला टिकर खुर्द, रोटीमार, बोकरा मुड़ा, पीपर बहरा, बनघाट केंवची आदि में सैकड़ों बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर एवं गर्म कपड़े प्रदान किए गए।

---

## उद्यानिकी फसलों की बीमा के लिए आवेदन 31 तक

**मुंगेली।** जिले के किसान अपनी उद्यानिकी फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज और आलू आदि के बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 6 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 3 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए 3 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए 3 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए 4 हजार रूपए और आलू के लिए 6 हजार रूप्ए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।



## छत्तीसगढ़ कैलाशी परिवार का सम्मेलन

**करगीरोड कोटा।** छत्तीसगढ़ कैलाशी परिवार का सम्मेलन पिछले दिनों ठाकुर फॉर्म पीपरतराई कोटा में आयोजित किया गया, जिसमें सभी कैलाशी परिवार के सदस्यो ने अपना-अपना परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कैलाशी परिवार के सदस्यों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का समापन चाय व नाश्ते के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कैलाश परिवार के सदस्य बड़ी सांख्य में उपस्थित थी ।

---

## स्कूल व कॉलेज के प्राचार्यों की बैठक, 18 वर्ष आयु के विद्यार्थियों से फार्म-6 भरवाने के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों के प्रचार्यों की बैठक ली।



उन्होंने बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 23 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्कूलों एवं महाविद्यालयों के प्रचार्यों को 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों से भी 22 जनवरी 2026 तक फार्म-06 भरवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मास्टर ट्रेनर संजय सोनी एवं चन्द्रशेखर उपाध्याय द्वारा फार्म-06 भरने की प्रक्रिया सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 14 फरवरी 2026 तक दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा तथा 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो चुका है, जिसके लिए मुंगेली जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है।

---

## वाद-विवाद में सूरज प्रथम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**मुंगेली।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सफलतापूर्वक हुआ। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में जिलेभर के प्रतिभाशाली युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।




कार्यक्रम में विशेष रूप से आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभाशाली युवा सूरज शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनका चयन हुआ। सूरज शर्मा इससे पूर्व भी विश्वविद्यालय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्रलय एवं खेल व युवा कल्याण भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व कर सूरज ने राज्य का मान बढ़ाया था। उनकी उपलब्धि पर कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराज पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी विमीत्र धृतलहरे, व्याख्याता मोहन उपाध्याय, मोनिका ठाकुर, एकानंद तिवारी ने उत्साहवर्धन किया।

---

परसिया में वार्षिक खेलोत्सव व माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# 8 स्कूलों के बीच हुई प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शारीरिक शिक्षा व समुदाय को जोड़ने के लिए सामुदायिक सहभागिता हेतु इंटर स्कूल गेम्स सह माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन परसिया में किया गया। इस मौके पर सरपंच शिवशंकर बर्मन ने आयोजन के लिए पूरी स्कूल स्टॉफ व उनकी टीम को बहुत धन्यवाद देते हुए कहा कि, ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा निखरती है।

विकासखंड खेल प्रभारी अशोक यादव ने कहा कि, निरंतर खेल गतिविधियां बच्चों को अनुशासित एवं आत्मनिर्भर बनाती हैं। प्रधान पाठक अनिल कौशिक ने खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया। संकुल सीएससी अमित गेंदले ने कहा कि, खेलोत्सव का उद्देश्य सभी विद्यालयों के बच्चों को एक मंच पर लाकर खेल भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक मोहिन्दर सिंह वर्मा ने बताया कि, शाला प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक खेलोत्सव सह इंटर स्कूल गेम्स परसिया में अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस खेलोत्सव में आठ विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक अजय शिरोमणी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों, सहयोगी शिक्षकों, कोचों, शाला प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों, पालकों, महिला स्वसहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम सचिव, स्वास्थ्य विभाग, मितानिन परसिया, चौकी प्रभारी व स्टाफ, स्वयंसेवकों, ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामकुमार कौशिक, बजरंग देवांगन, अजय शिरोमणी, कुमार पोर्ते, शरद ध्रुव, व्यायाम शिक्षक अजय बघेल, मुंडादेवरी से रमेश कश्यप सर, सिद्धराम कर्ष सर, अरविंद सर, उमरिया से सतीश रात्रे सर, गोरेलाल साहू सर, मोतिमपुर से अमृत घृतलहरे सर, पवन धुरी सर, अजित जायसवाल सर, अंडा से तलेश सर, कुकुसदा से दिनेश जायसवाल सर, घनश्याम जांगड़े सर, व्यायाम शिक्षक विवेक राठौर, यशवंत पटेल, सुरेंद्र लहरे, व्यासनारायण मनहर प्रधान पाठक सकेत, जपं सदस्य युगल वर्मा, उपसरपंच संतराम यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।



#### विजेताओं का सम्मान

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों एवं अतिथियों का उत्साह और अधिक बढ़ा।

#### आठ विद्यालयों के बीच प्रतियोगिता

खेलोत्सव में परसिया, मुंडादेवरी, उमरिया, मोतिमपुर, अंडा, कुकुसदा, जोता एवं अन्य संबद्ध विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। विभिन्न खेलों में टीमों के बीच कड़ी एवं रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। सभी टीमों ने खेल नियमों का पालन करते हुए अनुशासन, समर्पण एवं आपसी सम्मान का परिचय दिया।

---

## खबर संक्षेप

### मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**तखतपुर।** पौष पूर्णिमा के अवसर पर चितावर अमोरा संगम आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों के लिए मेला स्थल के शिव मंदिर में 20 दिसम्बर को सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के सभी सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य एवं पंच शामिल होंगे। यह जानकारी चितावर सरपंच इंद्राणी सिंगरौल ने दी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक 20 दिसम्बर दोपहर 1:30 बजे मोहन वाटिका में आयोजित की गई है, जिसमें एसआईआर पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में भाजपा के संभागीय प्रभारी रामू रोहरा, विधायक धर्मजीत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय, संतोष कौशिक उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू, महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर एवं प्रीतम कश्यप ने दी।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे लहरिया

**सीपत।** लिटिल लर्नर्स पब्लिक स्कूल सीपत का वार्षिकोत्सव 20 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जपं सभापति मनोज खरे, सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक एवं सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहेंगे।

### टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में शामिल होंगे धर्मजीत

**तखतपुर।** नगर प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 20 दिसम्बर को रात 8 बजे से हाईस्कूल मैदान में होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल होंगे एवं अध्यक्षता नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ करेंगी। साथ ही प्रिंस भाटिया, परमीत सिंह बग्गा, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, मुन्ना श्रीवास सहित सभी पार्षद उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने दी।

### तखतपुर को उद्यानिकी कालेज की सौगात मिली

**तखतपुर।** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र को विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से उद्यानिकी महाविद्यालय की सौगात मिली है। साथ ही महतारी सदन निर्माण की भी स्वीकृति मिली। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक धर्मजीत ने तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाई है। इसमें उद्यानिकी महाविद्यालय प्रमुख है, इस महाविद्यालय के खुल जाने से क्षेत्र के छात्रों को अध्ययन के साथ-साथ एक नए रोजगार का अवसर मिलेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर गिरधौना में 30 लाख रूपए की लागत से महतारी सदन की स्वीकृति मिली है।

### चिरायु योजना से बच्चे के चेहरे को मिली नई मुस्कान



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत ग्राम हथनीकला के 3 माह के नन्हें शिवम यादव के कटे-फटे होंठ का निशुल्क सफल ऑपरेशन कराया गया। चिरायु दल द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान शिवम यादव में जन्मजात कटे-फटे होंठ की पहचान की गई। इसके पश्चात चिरायु दल ने शिवम के पिता मुकेश यादव को ऑपरेशन एवं उपचार की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परिजनों की सहमति प्राप्त होने के बाद बच्चे को उपचार हेतु बिलासपुर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन की सलाह दी गई।